हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 35.4 डिग्री
न्यूनतम 21.4 डिग्री

12 न्यायमूर्ति ने किया नवीन डिजिटाईजेशन सेंटर का उद्घाटन



13 छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने पेंशनर्स फोरम का किया गठन





## खबर संक्षेप

### धमकी देने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धरदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कृष्णा नगर सुपेला के सार्वजनिक स्थान पर स्टील का धारदार चाकू से लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिली थी। सुपेला पुलिस पहुचकर कृष्णा नगर सुपेला निवासी राज निर्मलकर नामक युवक को पकड़ा गया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर केन्द्रीय जेल में निरूद्ध किया।

### शादी का प्रलोभन देकर अनाचार, गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 69, 296, 351 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सिकोला बस्ती वार्ड 15 मोहन नगर निवासी गोविंद यादव को सूचना मिलने पर गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने थाना मोहन नगर के अन्य मामलों में तीन वाण्टियों को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। कार्रवाई में निरीक्षक शिव प्रसाद चन्द्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### जुआ खेलते पूर्व पार्षद समेत 7 गिरफ्तार



**भिलाई।** जुआ खेलते पुलिस ने नौ जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 केतहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि हनुमान मंदिर दादर रोड के पास जुआ खेलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची सीएसपी छावनी हरिश पाटिल के नेतृत्व में दबिश दिया। जहां जुआरी पूर्व पार्षद रेल्वे कालोनी जोन 1, 592/एफ, चरोदा निवासी जी रामा रेड्डी 55 वर्ष,बीएमवाय चरोदा रेल्वे कालोनी जोन 02 मो. युनुस कुरैशी 57 वर्ष, चरोदा बस्ती नेहरू चौक निगरानीशुदा बदमाश फरीद अहमद 39 वर्ष, जोन 1 सांई मंदिर के पास चरोदा अनिल वैद्य 40 वर्ष, चरोदा बस्ती सरस्वती चौक भिलाई तीन भूपेन्द्र वर्मा 33 वर्ष, हाउसिंग बोर्ड कालोनी चरोदा जी व्ही प्रसाद राव 46 वर्ष, राजीव नगर चरोदा जोन 2 प्रफुल्ल प्रधान उर्फ जापानी 68 वर्ष,जी केबिन चरोदा शंकर कुमार 40 वर्ष, कुम्हारी चौक बंशी 51 वर्ष को पकड़ा गया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने 1 लाख 34 हजार 753 रुपए और ताश पत्ती जब्त किया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने 1 स्कूटी, 3 बाइक, 8 मोबाइल जब्त किया है।

# 2500 की आबादी वाला अंजोरा ढाबा नदी किनारे भी प्यासा, 9 में से 8 हैंडपंप सूखे, पानी नहीं मिलने से गांववाले भूख हड़ताल पर

**जिले में गहरा रहा पेयजल संकट, भू-जल स्तर पहुंचा 30 मीटर के नीचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग


जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम अंजोरा ढाबा, जो शिवनाथ नदी तट से महज डेढ़ से दो किलोमीटर की दूरी पर है, वह पिछले करीब महीनेभर से प्यासा है। हालत यह है कि 2500 की आबादी वाले 20 वार्डों के इस गांव में 9 में 8 हैंडपंप पूरी तरह से सूख चुके हैं, एक नलकूप अंतिम सांसें गिन रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासनिक महकमें ने गांववालों के लिए पानी का पर्याप्त इंतजाम नहीं किया है। इसके कारण गांववालों का आक्रोश फूट पड़ा है। सोमवार की सुबह 8 बजे से गांव के युवक धर्मेश देशमुख ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं पूरे गांव ने भूख हड़ताल का समर्थन करते हुए दिन में कुछ नहीं खाने का निर्णय लिया है। वे भी धरना स्थल पर पहुंच रहे हैं। जानकारी के बाद जिला पंचायत के पूर्व सदस्य जयंत देशमुख भी मौके पर पहुंचे, उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही के चलते गांव में ऐसे हालात बने हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही पानी के इंतजाम नहीं किए गए, तो कांग्रेस पार्टी धरने में शामिल होगी।

**कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों ने लगाई गुहार, नहीं हुई सुनवाई**









### गांव में एक मात्र बोरवेल जिसका पानी सूख रहा

ग्रामीणों ने बताया कि अंजोरा ढाबा में एकमात्र बोरवेल है, वह भी भीषण गर्मी में जवाब देने लगा है। इस एकमात्र बोरवेल में पानी की पतली धार आ रही है, जिससे पानी लेने पूरा गांव जुट रहा है। सुबह से ही प्लास्टिक के खाली डिब्बों की कतार देखी जा सकती है। देर रात तक बोरवेल में यह कतार बनी रहती है। दिन में कई दफा पानी आना बंद भी हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बोर का जलस्तर भी लगातार नीचे जाता जा रहा है। लगभग 500 फीट गहरा बोरवेल सूखने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पेयजल व्यवस्था के नाम पर 9 सार्वजनिक हैंडपंप हैं। 8 बोरवेल खनन कर मोटर लगाया गया है, लेकिन ग्राउंड वाटर लेबल गिरने के कारण 8 बोरवेल बंद हो चुके हैं। केवल बाजार चौक स्थित एक बोरवेल में पानी की पतली धार निकल रही है।



### नगपुरा चौक में शुरु हुई भूख हड़ताल

पानी की समस्या को लेकर धर्मेश देशमुख और ग्रामीणों ने सुबह 8 बजे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। ग्रामीणों ने बताया किअंजोरा ढाबा के ग्रामीण पानी की समस्या को लेकर एसडीएम हरबंश सिंह मिरी को ज्ञापन सौंपा था। लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। धर्मेश ने कहा कि प्रशासन अगर पानी की समस्या का निदान नहीं करता है तो ग्रामीण कलेक्टोरेट में भूख हड़ताल करेंगे। इधर पीएचई विभाग के एसडीओ पीएस ठाकुर और नायब तहसीलदार ढालसिंह बिसेन पहुंचे, उन्होंने हड़ताल समाप्त करने की अपील की, लेकिन बात नहीं बनी।

### पेयजल की आपूर्ति हो रही

“ अंजोरा ढाबा में चार सब मर्सिबल विभाग के अलग-अलग इलाको में चालू हैं। तीन हैंडपंप चालू हैं। सोलर पंप भी संचालित है। जलस्तर गिरने से 6 हैंडपंप बंद हो गए है। गांव में जल की आपूर्ति जारी है, समस्या नहीं है।

-पीएस ठाकुर
एसडीओ पीएचई दुर्ग

## कुम्हारी और स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में सड़क हादसा

# सड़क दुर्घटना में रेलवे कर्मी नर्सिंग छात्रा और युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्ध, युवक और युवती की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार से कार सीजी 07 एमए 2307 में सवार नंदिनी रोड छावनी निवासी आलोक साहू और भिलाई नगर पूजा प्रसाद सवार थे। हादसा सोमवार तड़के सुबह 4.30 बजे की है। दोनों कहीं से लौट रहे थे कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि जैसे ही आवंती बाई चौक के पास कार पहुंची अनियंत्रित होकर सामने लगे पोल से टकरा गई। मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया।

आलोक का कुरुद रोड पर स्थित लक्स होटल संचालक का बेटा है। पूजा नर्सिंग की छात्रा है। आलोक ने पूजा को अपनी कार में नेहरु नगर से बैठाने की बात सामने आई है। दोनों कार में सवार होकर घर की ओर आते समय हादसे का शिकार हुए है। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि पोल से टकराने के बाद कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह उड़ गया था। वही दूसरा हादसा भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है जहां रेलवे कर्मी काम से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान ग्राम जंजगिरी चरोदा निवासी चंद्रशेखर मानिक 60 वर्ष अपने बाइक से घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान जंजगिरी मोड पर तेज रफ्तार से आ रही ट्रक सीजी 07 डीजी 8855 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्राम जंजगिरी चरोदा निवासी चंद्रशेखर मानिक को चपेट में लिया। जिसे गंभीर अवस्था में ट्रैफिक पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन से सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से तीनों परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### अवंती बाई चौक बना डेंजर पाइंट

जिस जगह पर सड़क हादसा हुआ है। यहां माह भर में आधादर्जन से अधिक लोग हादसे का शिकार हो चुके है। बावजूद ट्रैफिक पुलिस और निगम भिलाई व्यवस्थित करने ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उक्त चौक काफी डेंजर है। इसके निर्माण के समय भी चौक का लोगों ने विरोध किया था कि जिस तरह से निर्माण किया जा रहा है। गलत तरीके से है मगर निगम प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। मगर अब हादसे का बड़ा डेंजर पाइंट इसे कहने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### दो माह बाद सेवानिवृत्त होने वाला था कर्मी



कर्मियों के मुताबिक मृतक चंद्रशेखर मानिक के एक बेटा और बेटी है। रेलवे के एसएससी विभाग में कार्यरत थे। ड्यूटी से घर लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। चंद्रशेखर का माह जून में रेलवे से सेवानिवृत्त होने वाले थे। चंद्रशेखर हमेशा अपने वाहन को काफी धीरे चलाया करते थे। लेकिन हादसा कैसे हुआ समझ से परे है। फिलहाल कुम्हारी पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### ट्रैफिक एएसपी का स्थल निरीक्षण



ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने के लिए जिले के प्रमुख मार्ग में आवश्यक सुधार कार्य के लिए स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा, नगर निगम के साथ सुपेला से खुर्सीपार चौक तक का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर सुपेला चौक में लेफ्ट टर्न फ्री बनाने, पार्किंग एरिया के लिए रोड मार्किंग, करने सर्विस रोड से अवैध कब्जा हटाकर सर्विस रोड का नए सिरे से निर्माण कार्य करने, खुर्सीपार चौक में नेशनल हाईवे, सर्विस रोड को सड़क समानांतर करने अनावश्यक खुले हुए नाली को बंद करने, पावर हाउस ब्रिज के नीचे पार्किंग स्थल निर्माण कार्य करने समेत महत्वपूर्ण कार्य के लिए निरीक्षण किया गया।

**बीएसपी के प्रवर्तन अनुभाग की टीम भी पहुंची**

# हाईकोर्ट के आदेश पर सचदेवा कॉलेज को दस्तावेज सौंपे, कॉलेज को किया दोबारा सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश पर सोमवार को बीएसपी के प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा प्लाट/शांप नंबर 182 न्यू सिविक सेन्टर के सील को खोलकर सामानों की सुपुर्दगी के बाद फिर से शांप को सील कर दिया गया। यह कार्यवाही कार्यपालक दंडाधिकारी हुलेश्वर प्रसाद खुटे व पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। इस शांप को बीएसपी के संपदा न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन विभाग द्वारा 2 अप्रेल को सील किया गया था। गौरतलब हो कि न्यू सिविकसेंटर स्थित शांप 182 में संचालित न्यू सचदेवा पीटी कालेज के बतौर किरायादार पिटीशनर चिरंजीव जैन ने प्रवर्तन टीम द्वारा अपनी शांप को सील किए जाने पर हाई कोर्ट में अपने कोचिंग विद्यार्थियों की परीक्षा व उनके भविष्य का हवाला देते हुए उनके डाक्यूमेंट्स रखे होने की गुहार की थी। इस मामले हाई कोर्ट के आदेश के परिपालन में सोमवार को प्रवर्तन टीम ने कार्यपालक दण्डाधिकारी, हुलेश्वर प्रसार खुटे, पुलिस बल थाना कोतवाली, शाप अनुभाग के जीएम आरके साहू,संपदा न्यायालय के अधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति शाप नंबर 182 न्यू सिविक सेन्टर का सील खोला गया। इस शाप में मौजूद बच्चों के दस्तावेज आदि सामानों की पंचनामा /सूचीबध्द कर सामानों की वापसी पिटीशनर तथा किरायादार चिरंजीव कुमार जैन पार्टनर सचदेवा न्यू पीटी कॉलेज को सौंपा गया। इसके बाद शॉप के सभी बाहरी दरवाजा को पूर्ववत स्थिति में गवाहों की मौजूदगी में सील कर दिया। विद्युत अभियॉत्रिकी विभाग के कार्मिकों द्वारा शाप का विद्युत विच्छेद किया गया। प्रवर्तन विभाग की टीम सहित पुलिस बल सहित 2 सौ लोग उपस्थित थे।

### पुरानी रंजिश के कारण प्राणघातक हमला

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि लक्ष्मण कुमार टंडन उमरपोटी भाठा के पास प्याउ घर में पानी पी रहा था। तभी निखिल बंजारे पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी देकर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला कर फरार हो गया था। घटना में लक्ष्मण को के दाहिने भूजा, सिर व गर्दन में काफी चटो आई थी। घटना को देख धनेश्वर जांगड़े और ओंकार टंडन बीच बचाव करने पहुंचे थे। आरोपी ने दोनों युवकों पर भी वार कर दिया था। एसडीओपी पाटन अनुप कुमार लकड़ा ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लोहा पार करने वाला सालभर बाद पकड़ाया

**भिलाई।** चोरी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(2), 317(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि इंडस्ट्रीज एरिया भिलाई के गोदाम से नेहरु नगर निवासी देव बंसल ट्रेडर्स का गोदाम संचालित करता है। जहां वर्ष 2024 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तिरंगा चौक छावनी निवासी सुरेश सिंह ने 21 हजरा रुपए के कीमत का लोहे का प्लेट चोरी कर फरार था। पुलिस में शिकायत होने के बाद आरोपी की तलाश साल भर से की जा रही थी। मौका मिलते ही पुलिस ने सुरेश सिंह को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर सुरेश ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग





**चार विधायकों और पार्टी के तीन दिग्गज नेताओं को साधना बड़ी चुनौती**

# भाजपा में अध्यक्ष बनने के 4 महीने बाद भी कार्यकारिणी का विस्तार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**अलग खबर**

जिले में भाजपा के दो जिला संगठन दुर्ग और भिलाई में अध्यक्ष नियुक्ति के 4 महीने बाद भी कार्यकारिणी का विस्तार नहीं हो पाया है।

संगठन के दोनों जिला अध्यक्ष भिलाई से पुरुषोत्तम देवांगन और दुर्ग से सुरेंद्र कौशिक अपनी टीम तैयार नहीं कर पाए हैं। बता दें कि दुर्ग जिले में भाजपा के तीन प्रमुख कद्दावेर नेता हैं, उनमें सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय। उनके अलावा इस समय चार विधायक दुर्ग से गजेंद्र यादव, ग्रामीण से ललित चंद्राकर, वैशालीनगर से रिकेश सेन और अहिवारा से डोमनलाल कोर्सेवाड़ा है। इन सभी की सहमति ने कार्यकारिणी का विस्तार होना है। दोनों ही अध्यक्षों को इन सभी शीर्ष नेताओं की सहमति से ही कार्यकारिणी तैयार करनी है।

यह दोनों के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। इस वजह से दोनों अध्यक्ष अपनी नियुक्ति के 4 महीने बाद भी कार्यकारिणी तय नहीं कर पाए हैं। भिलाई में जरूर मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति हो गई है, लेकिन दुर्ग में मंडल अध्यक्ष भी तय नहीं हो पाए हैं। इस वजह से संगठन गतिविधियों और कार्यकर्ताओं में खासी निराशा है। जबकि पार्टी हाईकमान ने नियुक्ति के महीनेभर के अंदर ही कार्यकारिणी विस्तार के निर्देश दिए थे, लेकिन दोनों जिला संगठनों में ऐसा नहीं हो पाया है।

### दोनों ही जिला संगठन में महामंत्री की कुर्सी पर सबकी नजर

राजनीतिक हल्कों में चर्चा है कि दोनों ही जिला संगठन में महामंत्री की कुर्सी पर नेताओं की नजर है। सभी अपने पसंद के चेहरे को कुर्सी पर बैठाना चाह रहे हैं। उनके द्वारा अध्यक्षों को नाम भी सुझाए गए हैं। बहरहाल ऊंठ किस करवट बैठेगा, अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि सभी नेता अपने आकाओं के पास हाजिरी लगाने भी पहुंच रहे हैं, नामों की सूची अब तक तैयार नहीं हो पाई है। दुर्ग में दो महामंत्री, 6 उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्य तय होने हैं। संगठन में 15 मंडल के अध्यक्ष भी चुने जाने हैं। इसी प्रकार भिलाई में दो महामंत्री, पांच उपाध्यक्ष, 5 मंत्रियों और कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति होनी है। 13 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की जा चुकी है।

### भिलाई जिला संगठन के 13 मंडलों में इन्हें मिली जिम्मेदारी

बीजेपी जिला संगठन भिलाई में 13 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। इनमें खुर्सीपार से धर्मेंद्र सिंह, पूर्व से हीरामन साहू, पश्चिम से गोल्डी सोनी, सुपेला से दीपक भोंडेकर, वैशालीनगर से शशि भगत, कैम्प से तरुण सिंह, जामुल स प्रशांत गुप्ता, भिलाई-तीन से वरुण यादव, चरोदा से ए गौरी शंकर, अहिवारा से रामजी निर्मलकर, मुरमुंदा से कुमन साहू, जेवरा-सिरसा से घनश्याम साहू, कोहका से गोपाल साहू शामिल हैं। दुर्ग में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति अब तक नहीं हुई है। खबर है कि प्रकोष्ठों और युवा मोर्चा के अध्यक्षों की घोषणा भी साथ में किए जाने की तैयारी की जा रही है।

### जल्द घोषित करेंगे



पार्टी का कार्यक्रम ज्यादा था, इस वजह से देरी हुई है। सभी वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में हम अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे। मंडल अध्यक्षों की घोषणा की जा चुकी है। मई के पहले हफ्ते में जिला संगठन के पदाधिकारियों की नियुक्ति कर ली जाएगी।

**-पुरुषोत्तम देवांगन,** अध्यक्ष भिलाई

### 10 मई तक घोषणा



दुर्ग जिला संगठन की कार्यकारिणी को लेकर चर्चा चल रही है। 10 मई के बाद जिला संगठन के अलावा सभी प्रकोष्ठ, युवा मोर्चा अध्यक्ष के नामों की घोषणा की जाएगी। पार्टी हाईकमान के निर्देशों के अनुरूप संगठन का विस्तार किए जाने की तैयारी की गई है।

**-सुरेंद्र कौशिक,** अध्यक्ष दुर्ग

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप

### अमृतानंदमयी की स्टूडेंट्स पहुंचे कोटनी

दुर्ग। अमृतानंदमयी की 25 स्टूडेंट जिसमें दक्षिण अफ्रीका जिंबॉब्वे के स्टूडेंट की टीम दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कोटनी एवं मोहलाई पिपरछेड़ी सरपंच तथा गांव के महिलाओं स्व-सहायता समूहों से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। बिरेन्द्र कुमार निषाद ने बताया कि सभी स्टूडेंट 8 दिनों तक रिसर्च करेगी। टीम का उद्देश्य यहां का वातावरण रोजगार जल संकट एग्रीकल्चर जैसे विषयों पर रिसर्च करना तथा महिलाओं को विभिन्न कौशलों एवं लघु उद्योगों में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मां अमृतानंदमयी के अमृतपुरी केरल स्थित मुख्यालय से संचालित यह संस्था विश्वभर में मानवीय सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में कार्यरत है। यह संगठन कर्म योग आधारित कार्यशैली को अपनाता है और इसे तीन हजार से अधिक निवासियों एवं हजारों स्वयंसेवकों का सहयोग प्राप्त है।

### पेंशनधारियों को नियमित पेंशन देने की मांग

दुर्ग। बहुजन समाज पार्टी दुर्ग शहर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद प्रत्याशी सचिन गवई ने कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर निराश्रित पेंशनधारियों को नियमित पेंशन देने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा निराश्रित पेंशनधारियों को विधवा पेंशन, विकलांग़ पेंशन उनके उत्थान के लिए दिया जाता है लेकिन पिछले छ माह से इन वर्ग के लोगों को इसका लाभ नहीं मिला पा रहा है। जिससे इन वर्ग के लोगों को अपना जीवन यापन करने में काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि तत्काल इन वर्ग के लोगों को पेंशन राशि दिए जाए।

# न्यायमूर्ति ने किया नवीन डिजिटाइजेशन सेंटर का उद्घाटन

## पेपरलेस कोर्ट की ओर महत्वपूर्ण कदम, प्रकरणों की सुनवाई में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य में पेपरलेस कोर्ट की पारदर्शी और त्वरित न्याय की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक और कदम उठाया गया। जिसके अनुक्रम में ला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में टाईजेशन सेंटर लायर्स हाल एवं नवीन कान्फ्रेंस का उद्घाटन किया गया। वर्चुअल उद्धाटन के जरिए रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा दस्तावेजों के डिजिटाईजेशन को आगे बढ़ाने और न्यायालय संचालन को आधुनिकीकरण बनाने की बद्धता का प्रतीक बताया।

छत्तीसगढ़ राज्य में पेपरलेस कोर्ट, पारदर्शी और त्वरित न्याय की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण एवं क्रांतिकारी कदम उठाया गया। जिसके अनुक्रम में जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग में डिजिटाईजेशन सेंटर, लॉयर्स हॉल एवं नवीन कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया गया।

जिला बिलासपुर एवं रायपुर के बाद राज्य के जिला न्यायालयों में तीसरे डिजिटाइजेशन सेंटर का वर्चुअली उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा किया गया, जो दस्तावेजों के डिजिटलीकरण को आगे बढ़ाने और न्यायालय संचालन को आधुनिक बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



### प्रदेश का तीसरा सेंटर बना

इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कहा आज हम जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग में डिजिटाईजेशन सेंटर के वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर एकत्रित हुए हैं, जो राज्य न्यायपालिका में तीसरा न्यायालय बन गया है, जहाँ डिजिटलीकरण केंद्र की शुरुआत की गई है। कुछ दिन पहले ही जिला न्यायालय बिलासपुर एवं रायपुर में डिजिटाईजेशन सेंटर का उद्घाटन किया था।



## सख्ती : आयुक्त ने पद्नाभापुर थाना प्रभारी को लिखा पत्र

# टैक्स में गड़बड़ी : स्पैरो कंपनी के 10 कर्मचारियों पर दर्ज होगी एफआईआर

## पिछले सात साल से की गई गड़बड़ी, आर्थिक अनियमितता से निगम को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पिछले सात साल से निगम के खजाने को खोखला करने वाली स्पैरों कंपनी पर अपराध दर्ज करने निगम आयुक्त ने पत्र लिखा है। लाखों रूपए आर्थिक अनियमितता वाले इस मामले में लगातार नोटिस जारी किए जाने के बाद भी कंपनी ने घोटाले की राशि जमा नही की है। यही कारण है कि, आयुक्त ने थाने में अपराध दर्ज करने पत्र लिख दिया है, जिसके बाद निगम में खलबली मच गई हैं। इस पत्र के सामने आने के बाद पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई हैं।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2016-17 से स्पैरों कपंनी को टैक्स वसूली की जिम्मेदारी दी गई थी। जिसका अनुबंध वर्ष 2023-24 को मार्च माह में समाप्त हो गया था। अनुबंध सामाप्त होने के बाद वर्ष 2024-25 से नगरनिगम के राजस्व अधिकारियों द्वारा टैक्स वसूली शुरू की गई। निगम अमला जब वार्डो में टैक्स वसूलने पहुंचे तब पता चला कि, स्पैरों कंपनी द्वारा कई करदाताओं से टैक्स लेकर रिकार्ड में इसे दर्ज नही किया है। करदाताओं से टैक्स लेकर कंपनी के कर्मचारियों ने लाखों रूपए गटक लिए थे। यही नही निगम के कर्मचारियों ने जब पडताल की तो संपत्ति निर्धारण में भी भारी गडबडी पाई गई। कई प्रकरण में निर्धारित संपत्ति को कम बताकर टैक्स का निर्धारण किया गया था। जिससे नगरनिगम को करोडों रूपए का नुकसान उठाना पडा था। कंपनी के कर्मचारियों ने संपत्ति के एवज में वसूले गए राशि को निगम के रजिस्टर में दर्ज नही किया गया था।

### साठ लाख रूपए तक की गड़बड़ी

करदाताओं से टैक्स वसूली और संपत्तियों के निर्धारण में खामियों की जांच की गई तो करीब साठ लाख रूपए की गडबडी सामने आई थी। हांलाकि नगरनिगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल द्वारा राशि वसूली करने लगातार कंपनी को सचेत भी किया था। उन्होने बताया कि, करीब 25 लाख रूपए की वसूली कंपनी से की गई थी। वर्तमान में कंपनी से 35 लाख रूपए लिया जाना है। इसी राशि की वसूली के लिए निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने थाने में दो कर्मचारियों पर एफआईआर करने पत्र लिखा है।




### 10 लोगों पर अपराध दर्ज करने लिखा पत्र

जानकारी अनुसार जानकारी अनुसार सुयश सिंह, देवेन्द्र टंडन, अमित सोनी, शरष निर्मलकर, गोपाल सिंह ठाकुर, दीपक दीप, अमित सोनी, अनिल याद्व, गौरव देशमुख सहित नौ कर्मचारियों पर एफआईआर के लिए पत्र लिखा गया हैं। नगरनिगम के पहले सामान्य सभा में स्पैरों कंपनी की गडबडी को लेकर जमकर बवाल मचा था। जिसके बाद सभा में ही अपराध दर्ज करने फैसला लिया गया था।

### अब भौतिक सत्यापन से खुलेगी पोल

मामले में नगरनिगम द्वारा विगत दिनों शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों ने शिकायत दर्ज कराई थी। करीब डेढ लाख रूपए करदाताओं को वापस किए गए थे। ऐसे प्रकरण जिसमें कंपनी ने संपत्तियों के नाप को कम दिखाकर गडबडी की थी। उसकी जांच निगम द्वारा भौतिक सत्यापन के जरिए किया जा रहा है।

### कंपनी लगातार पहुंचाती रही नुकसान

स्पैरों कंपनी शहर से हर साल सिर्फ 18-19 करोड रूपए की वसूली करती थी। लेकिन नगरनिगम ने वर्ष 2024-25 में 36 करोड का टारगेट रखा था। जिसमें चालीस करोड तक की वसूली कर रिकार्ड कायम किया है। निगम के कर्मचारियों ने इस बात की स्वीकार किया कि, कंपनी ने टैक्स वसूली में बडी गडबडी की थी। वर्तमान में कई प्रकरण में संपत्तियों के नाप बढने के बाद टैक्स की राशि भी बढी थी। यही कारण है कि, इस बार वर्ष 2025-26 के लिए 51 करोड रूपए का टारगेट निर्धारित किया गया है। इससे स्पष्ट है कि, कंपनी द्वारा हर साल निगम को करोडों रूपए का चुनाया लगाया गया है।

**लिखा पत्र** — स्पैरों कंपनी के दो कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज करने पदनाभपुर थाने के टीआई को पत्र लिखा गया है। करीब 35 लाख रूपए की वसूली और करनी बाकी है। **-सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

**जानकारी लेता हूं** — कुछ दिन से मैं अवकाश में था। निगम के पत्र के संबंध में जानकारी लेकर बताता हूं। **-केशव कोसले,** टीआई पद्मनाभपुर

### दिव्यांगजन के लिए बस सेवा 1 मई से

दुर्ग। दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण हेतु संचालित समेकित क्षेत्रीय केन्द्र सीआरसी कम्पोजिट रीजनल सेंटर ग्राम ठाकुर टोला सोमनी के पास जिला राजनांदगांव में संचालित है। यह केन्द्र सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय व्यक्तियों के अधिकारिता विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में वर्ष 2016 से कार्य कर रहा है। जिसके तहत दिव्यांगजनों हेतु सम्पूर्ण कौशल विकास हेतु विभिन्न प्रकार थैरेपी विशेष शिक्षा, व्यवसायिक चिकित्सा शिक्षा, नैदानिक मनोविज्ञान चिकित्सा, फिजियोथैरेपी, स्पीच थैरेपी, व्यवसायिक प्रशिक्षण आदि की सुविधा निःशुल्क रूप से प्रदान किया जाता है। दुर्ग जिले के दिव्यांग व्यक्ति सीण्आरण्सीण सेंटर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए जिले द्वारा 01 मई से निःशुल्क बस सेवा की सुविधाएं की गई है। दिव्यांगजन प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को "दिव्यरथ" बस सेवा का उपयोग कर सकते हैंए जो उन्हें सीआरसी केंद्र तक पहुंचाने और वापस लाने की सुविधा प्रदान करेगी।

### जनदर्शन में आए 120 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं हितेश पिस्दा ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा।

जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 120 आवेदन प्राप्त हुए।

**न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202504103900108**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

विषयः- अ-74 सनः- 2024-2025
सिरसाकला प.ह.न. 00007 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार चन्द्रधर मिश्रा
अनावेदक पक्षकार -छत्तीसगढ़ शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधरण आम जनता को सूचित किया जाता है की आवेदक-चन्द्रधर मिश्रा पिता स्व. हरिनारायण मिश्रा निवासी-सिरसाकला तह.भिलाई-3 जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम सिरसाकला प.ह.नं. 07 रा.नि.म.चरोदा तह. भिलाई-3 जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित दर्ज भूमि खसरा नं. 651/2, 1116/1,1304 रकबा 0.2750, 5.1660, 0.5400 हेक्टे. भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गूम हो जाने के कारण आवेदक द्वारा उक्त भूमि का द्वितीय (डुप्लीकेट) ऋण पुस्तिका बनवाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रकरण दर्ज।

अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर लिखित रूप में इस न्यायालय में नियत दिनांक 13.05.2025 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/04/2025 को जारी किया जाता है।

चन्द्रशेखर कंवर
नायब तहसीलदार
तहसील पाटन, भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# महिला कर्मचारी ने लगाया प्रताड़ना का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- खनिज विभाग के अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप


खनिज विभाग में सहायक ग्रेड दो में पदस्थ महिला कर्मचारी ने अफसरों पर प्रताडना का आरोप लगाया है। उन्होने कलेक्टर से इसकी लिखित शिकायत की है। जिसमें लिपिक के कार्यो को चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से कराए जाने की शिकायत की है। यह भी लिखा गया है कि, अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराने, दलालों को संरक्षण देने एवं चतुर्थ श्रेणी कर्ममचारी एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा अपने स्वार्थ के चलते कार्य कराने की बाते कही गई हैं। नंदिनी शेण्डे, सहायक ग्रेड-2 लिखा है कि, 1 मई 2023 द्वारा दिए गए कार्य मेरे द्वारा सफलता एवं निष्ठा पूर्वक कार्य किया जा रहा है। मेरे द्वारा दलालो का विरोध करने, रोकने पर मेरे विभाग के कुछ कर्मचारियों एवं दलालो के षडयंत्रकारी प्रभाव से अधिकारी द्वारा मेरे कार्य में परिवर्तन कर गलत तरीके से कार्य विभाजन कर मेरा कार्य मेरी जानकारी के बगैर अनुभवहीन कर्मचारी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से कार्य कराया जा रहा है। मेरे द्वारा किये जा रहे कार्य का चार्ज दूसरे कर्मी को सौंपने दबाव व ट्रांसफर होने की बाते अधिकारी द्वारा की जा रही है, जिससे मैं भयभीत हूं। पीडिता का कहना हैं किसी अनहोनी घटना घटने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा मेरे विरूद्ध किसी भी प्रकार की कार्यवाही होती है तो जवाबदारी अधिकारियों की होगी। खनिज अधिकारी दीपक मिश्रा का कहना है कि, उनकी जगह जिसे कार्य दिया गया हैं, वो भी सहायक ग्रेड दो है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# International DANCE DAY

हड़प्पा सभ्यता में नृत्य करती हुई लड़की की मूर्ति पाई गई है, जिससे साबित होता है कि इस काल में ही नृत्यकला का विकास हो चुका था। भरत मुनि का नाट्य शास्त्र नृत्यकला का सबसे प्रथम व प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। इसको पंचवेद भी कहा जाता है।

नाट्यशास्त्र के सिद्धांत के अनुसार नृत्य दो तरह का होता है - मार्गी (तांडव) तथा लास्य। तांडव नृत्य भगवान शंकर ने किया था। यह नृत्य अत्यंत पौरुष और शक्ति के साथ किया जाता है। दूसरी ओर लास्य एक कोमल नृत्य है जिसे भगवान कृष्ण गोपियों के साथ किया करते थे। एक काल में भारत में नृत्य काफी प्रचलित थे। लेकिन 19वीं शताब्दी तक आते-आते इनका पूरी तरह से पराभाव हो गया। किंतु 20वीं शताब्दी में कई लोगों के प्रयास से नृत्यकला को पुनर्जीवन मिला।


Shiva Nataraja

## भारतीय नृत्य कला

### क्लासिकल नृत्य शैली - रवीन्द्रनाट्यम



गुरूदेव रवीन्द्रनाथ बचपन से ही पहाड़, झरने और समुद्र के प्रति आकर्षित रहें। प्रकृति उन्हें एक गुरू की तरह कला की गहराईयों में उतारती गई। गुरूदेव रवीन्द्रनाथ तो ऐसे प्रकृति के संगीत में अवगाहन कर रहे थे, जो सम्पूर्ण विश्व का संगीत है। यह प्रश्न आज भी अनुत्तरीय है, कि आखीर वे कवि, गायक, रचयीता या नृत्यकार हैं। फिर भी उन्हें एक ऐसे बिंदू के रूप में देखा जा सकता है, जहाँ केवल सृजन है, संहार नहीं।

गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ने जैसे काव्य, संगीत की रचना की, उसी तरह उन्होने नृत्य को एक नया रूप दिया। वे नृत्य को किसी प्रांतीय या देशीय बंधन में बांधना उचित नहीं समझते थे, बल्कि ऐसे स्वयंभु पक्ष के समर्थक थे, जो देश और काल की सीमाओं से परे होता है, जिसमें प्रकृति की गुनगुनाहट और संवेदना युक्त सहज उछाल होती है। इसी आधार पर उन्होंने शास्त्रीय नृत्य श्रविन्द्रनाट्यमश् की रचना की। हमारे भारत वर्ष के सभी शास्त्रीय नृत्य किसी न किसी देवी-देवताओं पर उत्सर्गीत हैं या फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित हैं। जैसे कत्थक - श्री कृष्ण लीला, भरतनाट्यम - शिव पार्वती स्तुति, ओड़ीसी - श्री जगन्नाथ, परंतु रवीन्द्रनाट्यम समर्पित है पंचभूत - धरती, जल, अग्नि, वायु और आकाश (प्रकृति) पर, इसी कारण रवीन्द्रनाट्यम की प्रस्तुति के पूर्व वृक्षवंदना (प्रकृति की पूजा) की जाती है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य सभी वाचीन प्रधान हैं एवं पौराणिक ग्रंथों की व्याख्या तक सीमित हैं। पर गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ने रवीन्द्रनाट्यम में वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों एवं समाज में हो रहे नारी पर अत्याचार जैसे कूरीतियों के बहिष्कार करने एवं नारी को उच्च शिखर पर आसीन करने के उद्देश्य से इस नृत्य शैली का सृजन किया गया। यह नृत्य शैली मूलतः (अभिनय दर्पण) पर आधारित है एवं भरत मुनी नाट्य शास्त्रों के सभी नियमों एवं तत्वों की पूर्ति करने में सक्षम हैं। इस नृत्य शैली में अभिनय को ज्यादा प्रधानता दी गई है। इस नृत्य शैली को (भाव नृत्य) भी कहा जाता है। रवीन्द्रनाट्यम का उद्देश्य है नृत्य के माध्यम से समाज में विश्व शांति वार्ता को प्रसारित करना, रवीन्द्रनाट्यम शास्त्रीय नृत्य शैली में लोक नृत्य का समावेश भी है एवं नृत्य की मुदायें, पद संचालन पूर्णतः सभी शास्त्रीय नृत्यों से अलग है। इस नृत्य शैली में लास्यता की झलक अलग दिखने को मिलता हैं। सन् 1919 में गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ने इस शास्त्रीय नृत्य शैली की नींव शांति निकेतन में रखी।

SUMMER DANCE CLASSES
Presented By: Jackson Dance Studio
SINCE : 1993
SUMMER CLASS FOR ALL AGE GROUP
CHILDREN / YOUTH / ADULTS
LEARN INTERNATIONAL DANCE TECHNIQUE'S
&
INDIAN DANCE STYLE
JACKSON DANCE STUDIO OFFERS A WIDE VARIETY OF CLASSES FOR STUDENTS OF ALL AGES, INTEREST AND SKILL LEVELS. CLASSES RANGE FROM DANCE STYLES SUCH AS CONTEMPORARY JAZZ, TO HIGH ENERGY HIP-HOP, B-BOYING, DANCEHALL & SALSA, LATIN AMERICAN & BALLROOM, BOLLYWOOD & TOLLYWOOD STYLE
WE ARE UNDERTAKING CHOREOGRAPHY FOR SCHOOLS AND COLLEGE EVENTS, STAGE SHOWS, AWARD FUNCTIONS, MARRIAGE FUNCTIONS


Morning Class
Timing : 7.00 am to 8:30 am
Evening Class
Timing : 5:30 pm to 6:30 pm, 6:30 to 7:30 pm
7:30 pm to 8:30 pm, 8:30 pm to 9:30 pm
Registration Started
LIMITED SEATS ONLY
Contact no. 9826660708, 7987293433, 9826866641, 9131755268
MAIN BRANCH SECTOR -1 BHILAI
CLASSES ARE WORKING AT : SECTOR-5, SECTOR-6, NEAR A MARKET, SMRITI NAGAR, MAITRI KUNJ, RISALI, BHILAI

Taanz PERFORMERS
ADMISSION OPEN
A Quality Music & Dance Training School

◆GUITAR ◆KEYBOARD ◆DANCE◆ ZUMBA
◆SINGING◆FLUTE ◆MOUTH ORGAN◆VIOLIN
◆TABLA◆BANJO◆DRAWING◆ABACUS
◆VEDIC MATHS◆STENOGRAPHER CLASS
A Complete Music (Vocal, Dance, Instrument) Art & Craft School
SPECIAL GROUP DISCOUNT
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED CO. ESTD. 1972
TANSEN SANGEET MAHAVIDYALAYA®
MIG-38, PADMANABHPUR, DURG
98 93 92 92 92

## खबर संक्षेप



### पथरिया के युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश

**नंदिनी अहिवारा।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस अप्रैल माह के अवसर पर भिलाई जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पथरिया के सैकड़ो युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भारतीय जनता पार्टी की रीतिनीति और संस्कारों से प्रभावित होकर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो आनंद ताम्रकार के समक्ष प्रवेश किया। इस अवसर पर प्रियांश मिश्रा, थनेश साहू, लेखराम साहू, खिलावन यादव, देवेन्द्र यादव, लुपेश यादव, अमर धीवर, डिगेश ठाकुर, समीर ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### शंकराचार्य प्राकट्य दिवस समारोह 4 को

**भिलाई।** गोस्वामी समाज द्वारा आद्य जगतगुरु शंकराचार्य प्राकट्य दिवस समारोह का आयोजन 4 मई को 10 बजे से किया जाएगा। जिसमें मुख्य आयोजन शहीद स्मारक भवन रजबंधा मैदान, जय स्तंभ चौक के पास, रायपुर में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मिनल चौबे महापौर रायपुर, महामंडलेश्वर डॉ श्रीराम सुंदर दास दूधाधारी मठ रायपुर, महंत विवेक गिरी थानापति गौर कांपा आश्रम कवर्धा, महंत सच्चिदानंद गिरि वीरेंद्र अयोध्या पुरी गोस्वामी भिलाई राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली रहेंगे। जिसमें मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना, भव्य शोभा यात्रा, भोजन प्रसादी, आद्य जगतगुरु शंकराचार्य पर केंद्रित व्याख्यान, अतिथि स्वागत और प्रतिभा सम्मान होगा।

## निधन

### आलोक कुलकर्णी



**भिलाई।** तालपुरी निवासी अशोक कुलकर्णी का निधन 28 अप्रैल को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 29 अप्रैल को निवास स्थान ऑर्किड 339 बिल्डिंग 10, ब्लॉक- बी तालपुरी से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग के लिए सुबह 11 बजे निकलेगी। वे अनंत, आदित्य के पिता और विनोद कुलकर्णी और मिलिंद मेराल के ससुर थे।

### आर अनिल



**भिलाई।** औद्योगिक क्षेत्र हाऊसिंग बोर्ड भिलाई ब्लॉक नंबर 8 मकान नंबर 10 निवासी आर अनिल उम्र 59 वर्ष का निधन 28 अप्रैल को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 अप्रैल को दोपहर 12 उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे आर साजी के छोटे भाई और इंटक सचिव बीएसपी कर्मी राजकुमार के बड़े भाई थे।

### दिनेश मंडारे



**भिलाई।** ग्राम ढौर जामुल निवासी दिनेश मंडारे का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम ढौर के मुक्तिधाम में 29 अप्रैल की दोपहर 12 बजे किया जाएगा। वे देवालदाऊ, समकुवार के पुत्र और सतनामी समाज के नेता अशोक मंडारे के बड़े भाई थे।

### डॉ. लीलाम्बर यादव



**अंडा।** ग्राम कुथरेल निवासी डॉ. लीलाम्बर यादव पिता नारायण यादव उम्र 40 वर्ष का निधन 28 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कुथरेल के मुक्तिधाम में किया गया। वे नेवेन्द्र, प्रदीप यादव के बड़े भाई और डेविड, आदित्य यादव के पिता थे।

### चंपाबेन पटेल



**दुर्ग।** समाज सेवी चंपाबेन पटेल उम्र 86 वर्ष का निधन 28 अप्रैल को डेनवर (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका) में हो गया है। वे हितेश भाई, दिलीप भाई पटेल, इंदु बेन, लता बेन, उर्मिला बेन, कल्पना बेन की मां थीं।

# जयशक्ति आश्रम निकुम में भगवान दत्तात्रेय महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी शुरू

## क्वांर नवरात्र में होगा आयोजन, अतिशीघ्र फल प्रदान करने वाले हैं भगवान दत्तात्रेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीर्थराज देवि निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर जय शक्ति आश्रम निकुम संतश्री माताजी निवास में लगातार किए जा रहे यज्ञों की श्रृंखला में एक और महायज्ञ का भव्य आयोजन आगामी क्वांर नवरात्र पर्व पर होने जा रहा है। जय शक्ति आश्रम निकुम प्रमुख संतश्री माताजी ने बताया कि क्वांर नवरात्र के पावन अवसर पर आश्रम परिसर में राजाधिराज महाराज महायोगी भगवान दत्तात्रेय की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा की जाएगी। इसके साथ ही 22 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक दत्तात्रेय महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1बजे तक महायज्ञ में पूर्णाहुति दी जाएगी।

संतश्री माताजी ने बताया कि इस भव्य आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत निकुंभला देवि राजलक्ष्मी मंदिर, भगवान दत्तात्रेय मंदिर व संपूर्ण मंदिर परिसर का जीर्णोधार किया जा रहा है। नई साज सज्जा के साथ रंगरोगन भी किया जा रहा है। आश्रम पसिर को पहले से अधिक अलौकिक और महमोहक स्वरूप दिया जा रहा है। क्रमशः

### महायज्ञों का श्रोत है जयशक्ति आश्रम

दुर्ग जिले के ग्राम निकुम में स्थित जय शक्ति आश्रम महायज्ञों का ऐसा श्रोत है जहां से अध्यात्म की अविरल धारा बहती चली आ रही है। आश्रम प्रमुख संतश्री माताजी के मार्गदर्शन में 1983 से लगातार धार्मिक और अध्यात्मिक आयोजन होते आ रहे हैं। भव्य राजलक्ष्मी महायज्ञ, अभिजीत महायज्ञ, महागणति महायज्ञ, समुद्रमंथन अमृतकलश महायज्ञ, राजसूय महायज्ञ जैसे अनेक अदभुत धार्मिक और अध्यात्मिक अनुष्ठान हुए हैं, जिनके माध्यम से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं तो फलित हुई ही हैं साथ ही इनमें विश्व का कल्याण भी निहित है। इसी कडी में हाल ही में अप्रैल माह में भगवान वीरभद्र महायज्ञ का भी आयोजन किया गया था, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।





### भगवान दत्तात्रेय की महिमा

भगवान दत्तात्रेय सृष्टि के संचालन करने वाले तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु और महेष के संयुक्त अवतार माने जाते हैं। तीनों ईश्वरीय शक्तियों से समाहित महाराज दत्तात्रेय की आराधना बहुत ही सफल और जल्दी से फल देने वाली मानी जाती है। भगवान दत्तात्रेय आजन्म ब्रम्हाचारी, अवधूत और दिगम्बर रहे।

## कुम्हारी और अहिवारा में बलिदानियों को दीप जलाकर दी श्रद्धांजलि

# पहलगाम घटना के विरोध में स्थानीय मुस्लिम समाज ने आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

कुम्हारी में स्टेशन चौक के पास मुस्लिम समाज ने 22 अप्रैल को पहलगाम में दहशतगर्दों द्वारा मासूमों के कत्लेआम के विरोध में आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए एक स्वर में इस घटना की निंदा की। बड़ी संख्या में उपस्थित मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। अपनी बात रखते हुए मौलाना अबरार अहमद रिज़वी ने कहा कि यह घटना दिल दहला देने वाली है और हम हिन्दुस्तान के मौजूदा हुकुमत से ये मांग करते हैं कि इन दहशत गर्दों को पनाह देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाए और कड़ी से कड़ी सजा दे। हम यह बताना चाहते हैं कि हिन्दुस्तान के मुसलमान पाकिस्तान के मुसलमान की तरह नहीं है बल्कि अमन पसंद है जिसका सुबूत कश्मीर के मुस्लिम भाई ने जान की बाजी लगाकर हिन्दू भाइयों की हिफाजत कर साबित कर दिया। अयूब खान ने कहा कि इस देश में हम सब भाई चारे के साथ मिलकर रहते हैं इस घटना के लिए पाकिस्तान को कभी माफ नही करना चाहिए। मुस्लिम समाज इसका पुरजोर विरोध करता है। इमरान रिज़वी ने कहा कि यह देश अमन परस्त है यहां हमसब हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी मिलकर रहते हैं। आतंकवादियों के इस कायराना हरकत को देश कभी माफ नही करेगा और पूरा मुस्लिम समाज सरकार से यह गुजारिश करता हैं कि इन दहशतगर्दों को मौत की सजा दी जाय और पाकिस्तान को भी मुहतोड़ जवाब देकर यह बताया जाए कि दहशतगर्दी का अंजाम क्या होता है।

इस देश की कौमी एकता ही हमारी पहचान है। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने मोमबत्ती जलाकर मृतात्माओं की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस घटना की निन्दा करने वालों में गरीब नवाज मस्जिद और गौसीया मस्जिद के ईमाम अबरार अहमद रजवी, हाफीज रियाज, इमरान रिजवी, अयुब खान, काजु भाई, अक्बर, नसरू, जकी अहमद, ईद मोहम्मद, असलम, अख्तर, आफताब, करीम, बशीर, समीर कलीम, फिरोज, शोएब, इरफान, जुनैद, अताउल्लाह, फैज़ान और शहबाज़ सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

### मृतात्माओं को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि




### आतंकवाद का पुतला फूंककर किया विरोध



**नंदिनी अहिवारा।** भाजपा जिला अध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन के निर्देशानुसार, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा के मार्गदर्शन व अहिवारा/मुरमुन्दा मंडल अध्यक्ष कुमन लाल साहू व रामजी निर्मलकर की सहमति से भाजपा युवा मोर्चा अहिवारा मंडल अध्यक्ष प्रवेश शर्मा के नेतृत्व में चांदनी चौक मुरमुन्दा के द्वारा जम्मू पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में आतंकवादी का पुतला दहन किया गया। तत्पश्चात पहलगाम नरसंहार के बलिदानियों को दीप जलाकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि आतंकवादी भेष बदलकर आए और इस घटना को अंजाम दिए, हमारे देश के 27 नागरिकों की हत्या का बदला लिया जाएगा। देश का नेतृत्व पीएम नरेंद्र मोदी के हाथ में है, आतंकियों को यह नहीं भूलना चाहिए। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा कि जिस पीटर से पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर हत्या की गई, यह बहुत ही दुखद है। हम हमेशा से मानते रहे है कि आतंकवाद का धर्म नहीं होता, किन्तु आतंकियों ने अपने कृत्यों से बता दिया कि आतंक का भी धर्म होता है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने की आजादी के बाद पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई, बड़ी संख्या में आवागमन बढ़ा, किंतु आतंकियों द्वारा जो शांति भंग की है, उसका मुंहतोड़ जवाब देने का समय आ गया है। पुतला दहन और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, महामंत्री प्रेमलाल साहू, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, मुरमुन्दा मंडल अध्यक्ष कुमनलाल साहू, जनकलाल साहू, कृष्ण कुमार खेलवर, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रभान पाटिल, सुधाकर बारले, रामायण द्विवेदी, मन्नू लाल साहू, अशोक जैन, प्रेमलाल साहू, जयराम धीवर, संतन यादव, प्रवेश शर्मा, नागेश साहू, उपाध्यक्ष परमानंद सिंह राजपूत, अरुण शर्मा, होरी लाल चक्रधारी, महिला मोर्चा अहिवारा मंडल अध्यक्ष सरिता वर्मा, यमुना साहू, लक्ष्मी देवांगन, हरि वर्मा, सोमकांत वर्मा, तुषार देवांगन, युवा मोर्चा भोजराज साहू, रोशन साहू, ऋषभ साहू, भोजेश्वर साहू, पूर्व मुरमुन्दा सरपंच परमानंद साहू, अछोटी सरपंच हीरालाल मारकंडे आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### चंगोरी में अंगना म शिक्षा पढ़ई तिहार का आयोजन



**पाटन।** शासन की महती योजना के अंतर्गत अंगना म शिक्षा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी, आंगनबाड़ी केंद्र एक, दो, संयुक्त आयोजन संकुल केंद्र-बठेना विकास खंड-पाटन में किया गया। प्रधान पाठक विरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि यह पढ़ई तिहार ज्ञान का, शिक्षा, और भविष्य संवारने का है, पढ़ई तिहार को हर दिन मनाएं ताकि हर बच्चे तक शिक्षा की रोशनी पहुंचे। सभी बालवाड़ी के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश के लिए गुलाल टीका लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों में भाषायी ज्ञान एवं गणितीय कौशल की समझ के लिए अलग-अलग काउंटर लगाकर बच्चों को खेल गतिविधियों, रंगो, आकृति पहचान, सामग्री को अलग-अलग कर पाना आसपास की परिवेशीय वस्तुओं से ज्ञान, के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया एवं गतिविधि में बच्चों को शामिल किया गया। कार्यक्रम की संचालन राजाराम रसिक वरिष्ठ साहित्यकार ने किया। कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे एवं समस्त पंचगण, जनपद सदस्य सीता सुरेश निषाद, उपसरपंच माधुरी मंडावी, महिला बाल विकास विभाग सुपरवाइजर अंजुम अली, शिक्षाविद एमएल चंद्रवंशी, एसएमसी अध्यक्ष चेतन वर्मा एवं सदस्य गण, प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार वर्मा, योगेश्वरी वर्मा, दीपिका बंदे, ललिता, सत्यवती मारकंडे, कृष्णा यादव, हीरालाल, रत्ना यादव, सीता यादव, सविता ठाकुर, सुरुचि वर्मा, सुनीता ठाकुर, आंगनबाड़ी सहायिका पालकगण एवं बच्चों की उपस्थिति रही।

### शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए दिए निर्देश



**उतई।** नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू व जिलाध्यक्ष दुर्ग संजीव मानिकपुरी के नेतृत्व में जिला शिक्षाधिकारी से संघ का प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर नवमी व ग्यारहवीं में कार्यरत शिक्षकों को बोर्ड मूल्यांकन कार्य से पृथक रखने, सेवा पुस्तिका का संधारण कर पूर्व में ग्रीष्म कालीन अवकाश में समर क्लास, जनगणना कार्य, विभागीय प्रशिक्षण सहित अन्य कार्य संचालित करने वाले शिक्षकों को नियमानुसार अर्जित अवकाश का उल्लेख किया जाय। शिक्षक संगठनों के जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों के साथ प्रत्येक तीन माह में परामर्शदात्री के बैठक रखने, शिक्षक संवर्ग को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने एवं सेवा पुस्तिका के द्वितीय प्रति का सत्यापन करने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग को कार्यवाही के लिए प्रमुखता से रखा। जिस पर जिला शिक्षाधिकारी ने जिला के तीनों बीईओ व सभी प्राचार्य को जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए निर्देश जारी किया है। प्रतिनिधि मंडल में ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा, मनीष साहू, दीपक साहू, रूपा साहू, संजय मानिकपुरी, मनोज जोशी, विनोद ठाकुर, विजयशंकर डहरिया आदि शामिल थे।

### गातापार स्कूल में बच्चों को कराया न्योता भोजन



**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। विद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चों ने अच्छे अंको के साथ उत्तीर्ण की। विद्यालय की प्रधानपाठिका भुनेश्वरी नेताम ने बताया कि शाला में संकल्प एक प्रयास संस्था की तरफ से सहयोग देने वाली शिक्षिका पायल साहू शादी की पवित्र बंधन मे बंधने जा रही है। इस अवसर को बहुत ही खास बनाते हुए पायल साहू ने स्कूल परिवार को न्योता भोज दिया। विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्यारी दीदी का मुंह मीठा कराकर आभार व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की बधाई दिए। इस आयोजन को संकुल समन्वयक देवांगन, शिक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर, चंद्रहास, रसोइया अम्बिका साहू, सफाई कर्मचारी देवेंद्र साहू ने सराहा।

## अटल टिंकरिंग लैब में कम्युनिटी सप्ताह मनाया



**अंडा।** डॉ. भीम राव अम्बेडकर के 'शिक्षा, समानता और अवसर सबके लिए' स्वप्न को साकार करने की दिशा में शाउमा विद्यालय अंडा दुर्ग के अटल टिंकरिंग लैब में कम्यूनिटी सप्ताह मनाया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में व एटीएल प्रभारी रेणुका चंद्राकर के संयोजन में सम्पन्न किया गया। जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों की उत्साह पूर्ण सहभागिता रही। इस अवसर पर ममता वर्मा, सुमन मिश्रा, श्वेता भिमटे, व्ही पद्मावती, पी पटेल, दामिनी साहू आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान और तकनीक को केवल पुस्तकीय रूप में नहीं, बल्कि प्रयोग और अनुभव के स्तर पर जाना। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सेंसर, आप्टिकल फाइबर, सोल्डरिंग स्टेशन, ड्रिलिंग मशीन, सिलाई मशीन, टेलिस्कोप आदि उपकरणों का अवलोकन और उपयोग किया गया। 3 डी प्रिंटर पर निर्माण 3 डी माडल की निर्माण प्रकिया को देखकर उन्होंने नवीन नवाचार की ओर रूचि दिखाई। साथ ही कार्टून, बोट, कैरेक्टर ग्रूट व हनुमान का 3डी माडल का निर्माण किया गया। एटीएल एम्बेसडर हेमेश देशमुख के द्वारा 3डी प्रिंटर से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया।

प्रशिक्षक पूरन वर्मा बीटेक ने 3डी प्रिंटर से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। शा. पूर्व. मा. वि अंडा की प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव, नीलिमा वर्मा शिक्षिका ने भी बच्चों के साथ उपस्थित होकर सहभागिता को और प्रभावी बनाया गया।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने पेंशनर्स फोरम का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



■ बीपी शर्मा को पेंशनर्स फोरम का संयोजक नियुक्त किए गए

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों के हितों की रक्षा एवं उनके सतत योगदान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'पेंशनर्स फोरम का गठन किया है। इस अवसर पर फेडरेशन ने प्रेरणादायक नारा दिया 'सेवा के साथ भी, सेवा के बाद भी', जो संगठन के समर्पण और जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, प्रवक्ता जीआर चंद्रा एवं चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि बीपी शर्मा को पेंशनर्स फोरम का संयोजक नियुक्त किया है। भूपेंद्र पांडे एवं डॉ. केएल तांडेकर को महासचिव, चेतन भारती, प्रदीप वर्मा एवं आरके रिछारिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही 33 जिलों में संयोजक भी नियुक्त किया गया है। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मियों का अनुभव, ज्ञान और सेवा भावना राज्य के विकास में अनमोल योगदान दे सकती है। पेंशनर्स फोरम के माध्यम से उनकी समस्याओं का निराकरण, सामाजिक सहभागिता और सम्मानजनक जीवन के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी। फोरम के गठन के साथ ही एक कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया है, जो नियमित बैठकें आयोजित कर पेंशनर्स की मांगों और कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य करेगी। पेंशनर्स फोरम के प्रांतीय कार्यकारिणी में राजेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष एवं सरगुजा संभाग प्रभारी राजेन्द्र दवे उपाध्यक्ष, यशवंत सिंह वर्मा उपाध्यक्ष, केएल रवि उपाध्यक्ष, रमेश तिवारी उपाध्यक्ष, उमेश मुदलियार उपाध्यक्ष, रूपेश तिवारी उपाध्यक्ष एवं रायपुर संभाग प्रभारी, गोपाल सिंह पवार उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग प्रभारी, विश्राम निर्मलकर उपाध्यक्ष एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी, नीलकंठ शार्दुल उपाध्यक्ष एवं बस्तर संभाग प्रभारी, आरके ठाकुर कोषाध्यक्ष, आरके तिवारी उपाध्यक्ष, कौशल कुमार वर्मा संगठन मंत्री आदि को शामिल किया गया है।

## घर, परिवार, समाज में संस्कार के गिरते स्तर व बढ़ते तनाव पर जीवन जीने की कला सिखाई

# विचार, संस्कार, समझदारी, अध्यात्म में सुख-शांति वास करती है: महेंद्र सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

घर परिवार समाज में संस्कार के गिरते स्तर और बढ़ते तनाव पर उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी जैन संत महेंद्र सागर से प्रतिनिधि आसकरण जैन ने सुख शांति पूर्वक जीवन जीने की कला में आध्यात्म का योगदान पर समाज के लिए आशीर्वचन प्रदान करने का विनती पूर्वक निवेदन किया। संत श्री से उद्धत जनहितकारी उपदेश का सार अंश विचार संस्कार, समझदारी, आध्यात्म, सम्पन्नता में सुख-शांति वास करती है। जानकारी के मुताबिक उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी महेंद्र सागर, आध्यात्म मार्ग प्रणेता मनीष सागर सहित 15 जैन संत और 3 साध्वी धमतरी से कैवल्य धाम विहार करते हुए जामगांव आर, मर्रा, जामगांव एम में रूबरू संदेशात्मक आध्यात्म चर्चा किए। जैन संतो साध्वियों का समूह भरी तेज गर्मी में खुले पैर पद विहार करते हुए सोमवार को कैवल्यधाम पहुंचे। उल्लेखनीय है भरी तेज गर्मी में खुले पैर सुबह शाम 17 से 19 किमी किलोमीटर पैदल विहार किए। इस विहार यात्रा में धमतरी, भखारा, रानीतराई, जामगांव आर, मर्रा, अमेरी, मोतीपुर, रायपुर जैन श्री संघ सदस्यों में गुरु चरणों का भरपूर सेवा लाभ उठाए।

### रिश्तेदारों से कुछ समय दूरी बना ले कटुता नहीं बढ़ाए

संत श्री ने कहा कि दुनिया में अनेक प्रकार के विचार रखने वाले मिलते है। सम विचार वाले अच्छे लगते हैं विषम विचार वाले तकलीफ देय लगने लगते है। जब यह स्थिति घर परिवार में उत्पन्न होती है तब रात और दिन भारी पड़ने लगता है। स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल विचार का असर झलकने लगता है। यहां पर आध्यात्म मार्ग सुझाती है कि जिनसे विचार नहीं मिलते पूरे जीवन में कब तक के साथी है जरा सोचे शांत चित्त रखते हुए अपने आप की वैचारिक दिशा मोड़ ले बहुत ज्यादा ही तकलीफ हो तो दूरी बना ले लेकिन कटुता नहीं बढ़ाए। ना जाने किस मोड़ पर कौन काम आ जाए। वहीं संतश्री ने कहा कि पिता संतान की अच्छी मंजिल की कामना करते हुए पसीना बहाता है। स्वयं तंग हाल में जी कर संतान को सुखमय देखना चाहता किंतु सत्संग और संस्कार के अभाव में ना समझ संतान पिता की बढ़ती उम्र का सहारा बनने से इनकार कर देता है। यह विडंबना भी कर्मों के खेल के अधीन संपादित होता है। हर हालत में खोटा कर्म ना करे किसी न किसी रूप में दुष्परिणाम प्रगट होकर रुलाते है।



### तनाव से बचने अपने मूल आत्म स्वरूप का चिंतन करे

संत श्री ने कहा कि भाई भाई पिता पुत्र पति पत्नी आदि संबंधों के बीच तनाव से बचने के लिए अपने मूल आत्म स्वरूप को देखे अपेक्षा इच्छा पर नियंत्रण बनाए समझौता वादी नीति को त्याग से सुशोभित कर परिपक्व बनाए तो सारे रिश्ते नाते निभते निभाते आगे बढ़ते जाएंगे। और। घर परिवार सुकूनता के साथ आगे बढ़ते हुए अन्यों के लिए प्रेरणा दाई बनने लगेगी।

### धर्म नीति से परे अर्जित धन कुव्यवस्नों का शिकार बनाती है

संत श्री ने कहा कि वर्तमान में आदमी धन में सुख तलाशने के लिए अंधी दौड़ लगा रहा है लेकिन धन के अर्जन में धर्म नीति का पालन नहीं कर पा रहा है। इस कारण जीवन में वे धन का भोग करने के बजाय कुव्यवस्नों के रोगों से ग्रस्त होने लगा है, घर, परिवार, समाज में कलह का केंद्र बनकर अशांत जीवन जीने के घेरे में घिरते जा रहा है। धार्मिक क्रियाएं धर्म को कर्म से मिलाने में महती भूमिका निभा पाए तभी सार्थक बन पाएगी। केवल क्रियाओं को धर्म मानकर अपने आप को धार्मिक मानना भूल होगी। सुख दुख कर्मो का खेल है कर्म का जैसा बीज बोए थे वैसा फल मिल रहा है। विपरीत परिस्थिति को अतीत कर्मो का फल मानकर सम भाव से सहते हुए कर्मो की निर्जरा करना चाहिए। वर्तमान में समाज के विकास में समर्पित सेवा योगदान करने वालो की कमी झलकने लगी है।

# व्यापारी आठ साल से खुले आसमान के नीचे चल रहे मयखाने को बंद कराने की लड़ रहे लड़ाई

## लक्ष्मी नगर सुपेला के व्यापारियों ने किया प्रदर्शन तो 10 दुकानदारों पर कर दी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर के लक्ष्मी नगर सुपेला के बाजार में शाम ढलते ही खुले आसमान के नीचे मयखाना सज जाता है। इतना ही नहीं खुले आसमान के नीचे सैकड़ों शराबियों की महफिल सजने के बाद उत्पात मचाने का दौर भी शुरू हो जाता है। जब शराबियों को व्यापारी अपनी दुकानों के बाहर व सड़क पर शराब पीने से रोकते हैं, तो शराबी उनके साथ गाली गलौज तक कर देते है। वहीं पिछले आठ साल से दुकानदार खुले आसमान के नीचे चल रहे ओपन बार को बंद कराने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन और सरकार से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन उनकी जब सुनवाई नहीं हुई तो 50 से अधिक व्यापारियों ने प्रदर्शन कर मशाल जुलूस भी निकाला। उसके बाद 10 दुकानदारों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज कर दिया गया। व्यापारियों का कहना है कि ओपनबार की वजह से उनकी व्यापार प्रभावित हो रहा है। इतना ही नहीं कई बार उनकी दुकानों के आगे शराबी उत्पात मचा देते है। जिसकी वजह से उनमें डर का महौल है। हैरत की बात तो यह है कि पुलिस ने खुले आसमान के नीचे चल रहे ओपनबार को बंद कराने की जहमत आज तक नहीं उठाई है।

पुलिस शहर की कानून व्यवस्था को चाक चौबंद करने का दावा कर रही हैं, लेकिन लक्ष्मी नगर सुपेला व खुर्सीपार क्षेत्र में हर रोज खुले आसमान के नीचे चल रहे मयखानों ने इन दावों की पोल खोल दी है। लक्ष्मीनगर सुपेला में शाम ढलते ही सड़क व दुकानदारों के बाहर स्थित फुटपाथ मयखाने में तब्दील हो जाते है। बाजार में खुलेआम शराबी कानून के नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आते है। शराब के नशे में शाम होते ही शराबी उत्पात मचाने लग जाते है। दुकानों पर खरीदारी करने आए ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं नशे में धुत लोग महिलाओं पर कमेंट भी कसते नजर आते है। व्यापारियों का कहना है कि आठ साल से खुले आसमान के नीचे चल रहे ओपनबार को बंद कराने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई न तो पुलिस कर रही है, और ना ही कलेक्टर कर रहे हैं।

### दुकानदारों ने विरोध किया, तो सरकारी काम में बाधा के तहत मामला दर्ज



दुकानदार आशीष अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने खुले आसमान के नीचे चल रहे ओपनबार को बंद कराने के लिए आसपास के व्यापारियों के साथ पैदल मार्च और मशाल जलूस निकालकर प्रदर्शन भी किए। उसके बाद उनके साथ-साथ दस व्यापारियों पर सरकारी काम में बाधा के तहत मामला दर्ज कर दिया गया। आज हालात यह है कि उनकी दुकानों के बाहर पानी के पाउच ौर डिस्पोजल पड़े हुए हैं। लेकिन पुलिस उनकी सुनवाई नहीं कर रही हैं।

### गाली गलौज कर ग्राहकों के ऊपर करते हैं छींटाकशी, शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं

कपड़ा व्यापारी मो. अयूब का कहना है कि उन्होंने अपनी दुकान के बाहर शराबियों को भगाने के लिए एक गार्ड तैनात किया है। शाम ढलने के बाद महिला ग्राहक जब उनकी दुकान पर आती हैं, तो नशे में धुत शराबी उनके ऊपर छीटाकशी करते हैं। इतना ही नहीं व्यापारियों के साथ भी गाली गलौज कर देते हैं। उनका कहना है कि पुलिस खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर रही है।





### छह बजे के बाद शराबियों के डर की वजह से नहीं निकलता परिवार

अमोल दास साहू की दुकान शराब के ठेके के बगल में है। उनका परिवार दुकान के ऊपरी मंजिल पर रहता है। उन्होंने बताया कि शाम छह बजे के बाद उनका परिवार घर में कैद शराबियों की वजह से हो जाता है। दुकान के बाहर बने फुटपाथ पर शराबी महफिल सजाकर बैठ जाते हैं। खुले आसमान के नीचे ओपन बार की वजह से परिवार पिछले आठ सालों से शाम छह बजे के बाद नहीं निकलता है। इसकी शिकायत कलेक्टर से लेकर पुलिस अफसरों से की है। लेकिन सुनवाई आज तक नहीं हुई है। वहीं सुपेला क्षेत्र में शराब तस्करी भी बड़े पैमाने पर होती आई है। जिसे रोकने वाली पुलिस तस्कर को अपनी मुखबिर बनाकर बैठी है। पुलिस की मुखबिरी करो और अवैध कारोबार क्षेत्र में करने की खुली आजादी ले लो का चरितार्थ सटिक बैठता है।

---

## खबर संक्षेप

### चिटफंड कंपनी के नाम पर 50 लाख की ठगी

**भिलाई।** चिटफंड कंपनी में लाभ का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 409, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि प्लाट 583/27 सडक 10 आशीष नगर पूर्व रिसाली निवासी योगेश कुमार साहू को उड़िसा निवासी संतोष आचार्य और प्रकाश चन्द्र पाढी ने एमसीएक्स कंपनी के नाम पर प्रतिमाह 3 से 07 प्रतिशत लाभा देने का झांसा देकर राशि इन्वेस्ट कराकर फर्जी बॉंड पेपर तैयार किया। उसके बाद पीड़ित से अपने खाते में छलपूर्वक 49 लाख 50 हजार रुपए जमा कराया। वर्ष 2014 में रायगढ जिंदल ग्रुप में पीड़ित काम करता था। तभी प्रकाश चन्द्र पाढी से परिचय हुआ था। तब वह एमसीएक्स कंपनी में पहले से जुडा था। पीड़ित को भी आरोपी ने कंपनी में जुडने के लिए बोला। योगेश जून 2022 में अपने पारिवारिक कारणों से जिंदल ग्रुप का काम छोड दुर्ग आ गया। रिसाली में एकाउटिंग एवं टेक्ससेन की दुकान खोला। तभी प्रकाश चन्द्र पाढी ने संपर्क कर प्रतिमाह लाभा दिलाने का झांसा देकर रुपए लगाने को कहा था। वर्ष 2022 दिसंबर माह में रायगढ के सेमिनार एटेंड कर संतोष कुमार आचार्य ने कंपनी के बारे में बताया। उसके बाद कंपनी का एमआईएस स्कीम में केवल इन्वेस्टनर रहने का झांसा दिया। जितनी राशि इन्वेस्ट होगा उसका लाभांस पीड़ित को दिया जाएगा। झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग समय पर कुल 49 लाख 50 हजार रुपए कंपनी में निवेश कर दिया। आज तक लाभांस नहीं मिल पाया। परेशान होकर पीड़ित ने शिकायत पुलिस में किया।

### बीएसपी श्रमिक घायल सीटू ने की जांच की मांग

**भिलाई।** सीटू यूनियन ने बीएसपी के ईडी को पत्र भेजकर बीएसपी में ठेका मजदूर के घायल होने के मामले की जांच की मांग की है। शुक्रवार को आरएपी दो में मजदूर द्वारिका के हाथ में चोट आई थी। यूनियन की टीम ने जांच में पाया कि घायल मजदूर द्वारिका को मेन मेडिकल पोस्ट ले जाने के बजाय विभाग के एक अधिकारी ने बर्फ से सिंकाई कर लेना कहते हुए घर छोड़ दिया। दर्द सहन नहीं होने पर कर्मी शनिवार को सेक्टर 9 कैजुअल्टी जाकर दिखाएं तथा तीन दिन बाद सोमवार को दोबारा आर्थो ओपीडी में दिखाने गए तो एक्स रे से पता चला कि दाहिने हाथ में फैक्चर हुआ है। आपरेशन करके प्लेट/राड लगाना पड़ेगा।

### बीएसपी एक्स-ओए की बैठक तीन को

**भिलाई।** बीएसपी एक्स-ओए की जनरल बॉडी बैठक शनिवार, 3 मई को होगी । बैठक में लंबित भत्ते के बकाया के भुगतान में देरी, ईपीएस-95 और मेडिक्लेम 2025 पर चर्चा की जाएगी।बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ की आमसभा शनिवार को सुबह 10.30 बजे प्रगति भवन में आयोजित की जाएगी । बैठक में 11 महीने के भत्ते के बकाया भुगतान में देरी और ईपीएस-95 पेंशन, सेल मेडिक्लेम स्कीम , संविदा आधार पर डॉक्टरों के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुकिंग आदि मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

---

## ठेका मजदूरों व कर्मचारियों पर बढ़ रहा वर्कलोड

# बीएसपी में एक मिलियन टन में थे अड़सठ हजार कर्मी, 7 एमटी में बचे मात्र दस हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल की सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में निरंतर गिरते मेन पावर खामियाजा सभी को भुगतना पड़ रहा है। इससे नियमित कार्मिकों के साथ ठेका मजदूरों और खुद बीएसपी प्रबंधन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि सरकार की विनिशीकरण और निजीकरण की नीति कभी जम्बो मेनपावर वाले बीएसपी पर भारी पड़ रही है। 1959 में संयंत्र की एक मिलियन टन उत्पादन क्षमता के समय यहां कर्मियों की संख्या 68 हजार निर्धारित की गई थी । इसकी वजह सार्वजनिक उद्योगों का मकसद आम जन को रोजगार देकर उनकी क्रय शक्ति बढ़ाना था जिससे समाज और देश का विकास हो। लेकिन आज कर्मियों की संख्या मात्र दस हजार रह गई है। वहीं अधिकारी सिर्फ ढाई हजार बचे हैं। बीएसपी में हर माह औसतन सौ कर्मी रिटायर हो रहे हैं, जबकि भर्ती बंद है। यूनियनों के मुताबिक नियमित कर्मचारी लगातार रिटायर हो रहे हैं जबकि ठेका मजदूरों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। ठेका श्रमिकों के साथ नियमित कर्मियों पर वर्कलोड बढ़ रहा है। वहीं बीएसपी का लंबित एक्सपांशन प्रोजेक्ट सहित अन्य कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। सीटू के महासिचव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी बताते हैं कि सेल रोजगार पैदा करने वाला उद्योग नहीं बल्कि मुनाफा पैदा करने वाले उद्योगों में तब्दील हो रहा है। इसीलिए भर्ती बंद है।

### पर्याप्त नहीं है कर्मी

बीएसपी में 7 मिलियन टन का संयंत्र चलाने के लिए 10 हजार कर्मी पर्याप्त नहीं हैं। इसीलिए स्थाई कर्मियों को घटाने के साथ ठेका कर्मियों को बढ़ाया जा रहा है। संयंत्र में लगभग 30 हजार ठेका कर्मी कार्यरत हैं। स्थाई प्रकृति के कर्मी 10 हजार हैं और अस्थाई प्रकृति के कर्मी तीस हजार हैं। ठेका मजदूरों पर पर वर्क लोड के बाद भी इन्हें वेतन और सुविधा कमतर दी जी रही है।

### यूनियनों ने कहा सरोकार की बजाय मुनाफे के लिए चल रहा प्लांट




### बढ़ रही हैं दुर्घटनाएं

निजी उद्योगों के साथ सार्वजनिक उद्योगों को खुले मार्केट में प्रतिस्पर्धा करने की होड़ ने संयंत्र के अंदर अस्थाई कर्मियों की संख्या बढ़ जिनका ना तो संयंत्र में काम पर रखते समय प्रबंधन की ओर से उचित ट्रेनिंग दी जाती है और ना ही ऑन जॉब ट्रेनिंग की कोई ठोस व्यवस्था है । सीटू के मुताबिक एनजेसीएस बैठक में मजदूरों के वेतन समझौता के प्रबंधन के आश्वासन के बाद भी अब तक समझौता नहीं हुआ है। मजदूर चार पांच हजार रुपए में काम करने मजबूर हैं।

---

# राहगीर को लूटने वाले 5 युवकों को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लूट के वारदात को अंजाम देने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309(6) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषके झा ने बताया कि रिसाली निवासी महेन्द्र कुमार साहू ने लिखित शिकायत किया था। महेन्द्र अपनी बाइक पर दोस्त के साथ रिसाली उमरपोटी मार्ग से प्लाईवुड खरीदने उतई आ रहे थे। इस दौरान 27 अप्रैल की दोपहर उमरपोटी बोगदा अण्डरब्रिज के पास पहुंचे थे। तभी तीन अज्ञात युवकों ने पीड़िता का रास्ता रोककर एक युवक ने थप्पड़ जड़ दिया। पीड़ित के दोस्तों ने आरोपी युवक को समझाने का प्रयास किया। तीनों युवक ने इसके बाद अपने साथियो को फोन पर कॉल कर बुला लिया। सभी अज्ञात युवकों ने पाईप और डण्डे से पीड़ित के साथ मारपीट कर चोंट पहुंचाया। पीड़ित महेन्द्र साहू के जेब से आरोपी युवकों ने 20 हजार रुपए नगदी, पर्स और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी रही। जांच के दौरान त्रिनयन एप्प के जरिये घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज चेक किया गया। संदेही स्टेशन मरोदा शीतला तालाब के पास बैठने की सूचना पुलिस को मिली। उतई पुलिस ने घेराबंदी कर स्टेशन मरोदा निवासी दुर्गेश जोशी उर्फ बाला, शिवपारा मरोदा सोनू नेताम उर्फ झोलटा, विजय चौक मरोदा अरूण खुटेल,सुपेला डी ब्लॉक दक्षिण गंगोत्री समीर धृतलहरे,न्यू कृष्णा नगर सुपेला दुर्गेश सेन, मिनीमाता पारा स्टेशन मरोदा नीरज आडिल, इंदिरा चौक शीतला मंदिर के पास मरोदा बोधी सोनकर को पकड़ा गया। युवकों से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि कुछ राहगीरों के साथ मारपीट कर रुपए मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे। युवकों के पास से पुलिस ने मोबाईल,नगदी 14 हजार, पर्स जब्त किया है। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

---

## बीएसपी कार्मिक व जन प्रतिनिधि हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छग सर्व समाज संगठन द्वारा सोमवार को महात्मा गांधी कलामंदिर में छग सामाजिक समरसता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी ओए व सेफी के अध्यक्ष एनके बंछोर थे। अध्यक्षता समाज के प्रांतीय अध्यक्ष मेघनाद यादव ने की। मंच पर समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा बीएसपी प्रतिभाशाली कार्मिकों और पंचायत व निकाय के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

श्री बंछोर ने अपने उदबोधन में सम्मानित होने वालों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास में समाज का महती योगदान है। सामाजिक समरसता और मेलमिलाप छत्तीसगढ़ की पहचान है। सभी प्रतिभाएं अपने अपने क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। श्री यादव ने आयोजन की सराहना की और कहा कि हमें समाज को एकसूत्र में जोड़कर रखना है। सभी को जागरुक करते रहना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जन प्रतिनिधियों व बीएसपी कार्मिकों को सामाजिक समरसता सम्मान से सम्मानित किया। मंच पर समाज के प्रांतीय संयोजक ब्रह्मदेव पटेल, महामंत्री लखनलाल साहू, उपाध्यक्ष संतकुमार केसकर, मीडिया प्रभारी डीपी देशमुख आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम देवांगन ने किया।

■ कलामंदिर में छग सर्व समाज का समरसता सम्मान समारोह

### इनका हुआ सम्मान

मुख्य अतिथि द्वारा दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, रिसाली की मेयर शशि सिन्हा, पार्षद देवनारायण चंद्रकार आदि निकाय व पंचायत के जन प्रतिनिधियों व बीएसपी के कार्मिक एससीएसटी कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विजय रात्रे और सर्व समाज के छग तृतीय वर्ग कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष भानुप्रताप यादव, मीडिया प्रभारी डीपी देशमुख सहित सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया।

## चालानी के दौरान दिखेंगे बॉडीवार्न कैमरे



**भिलाई।** जिले की ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने एसएसपी विजय अग्रवाल ने ट्रैफिक पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हें हिदायत दी है। बैठक सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित की गई। एसएसपी ने बैठक में ड्यूटी के दौरान साफ सुथरी वर्दी पहनने,चालानी कार्रवाई के दौरान आम नागरिकों से अच्छा व्यवहार करने, पीक हॉर्स के समय ट्रैफिक व्यवस्था बनाने, रात के समय ड्यूटी के दौरान रिफ्लेटिव जैकेट पहनने, सभी अधिकारी को चालानी कार्रवाई के दौरान बॉडीवार्न कैमरा आवश्यक लगाने को कहा है। ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले बिना हेलमेट, सीट बेल्ट के चलने वाले चालको, तीन सवारी , नो पार्किंग में खड़े वाहन चालको,शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। बैठक में ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा, डीएसपी सदानंद विंध्यराज, पुलिस लाइन डीएसपी चंद्र प्रकाश तिवारी समेत ट्रैफिक जोन प्रभारी, टैंगो मोबाइल, प्रधान आरक्षक मौजूद थे।

■ एसएसपी ने जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने की दी हिदायत

## व्यापारी पर चाकू से हमला, आरोपी हैं फरार

**भिलाई।** व्यापारी पर चाकू से हमला करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने 109 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सडक नं 8 शांति नगर वैशाली नगर निवासी राकेश कुमार होयानी सुपेला हार्डवेयर लाईन में जय जलाराम के नाम से दरवाजा खिडकी की दुकान संचालन करता है। 26 अप्रैल की रात अपनी दुकान बंद कर रात दुकान के पीछे रहने वाले सोनू शर्मा पूर्व में घरेलू सामान लेकर चला गया था। जिससे अपना घरेलू सामान मांगने गया था। सोनू ने पीड़ित के साथ गाली गलौज कर कमर मे रखे धारदार चाकू से पीड़ित पर हमला कर दिया। घटना में सिर,गर्दन,नाक,आंख,चेहरे व हाथों पर गंभीर चोटें आई है। घटना को अंजाम देने के बाद सोनू शर्मा फरार हो गया।

---

## ट्रेनों में इन दिनों ज्यादा भीड़, यात्रियों को राहत देने की कोशिश

# दुर्ग-लालकुआं के बीच 18 फेरों के लिए चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्कूलों में अवकाश के बाद लोग घूमने के लिए बड़ी संख्या में जाने लगे हैं। वेकेशन टूर की वजह से ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। लोगों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल रहा। हालात को देखते हुए रेलवे समर स्पेशल ट्रेन चला रही है। दुर्ग-लालकुआं-दुर्ग के मध्य 18 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलेगी। गाड़ी संख्या 08771 दुर्ग-लालकुआं साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 1, 8, 15, 22, 29, मई व 5, 12, 19, 26 जून 2025 को (9 फेरे) प्रत्येक गुरुवार को चलेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08772 लालकुआं-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन लालकुआं से 2, 9, 16, 23, 30 मई व 6, 13, 20, 27 जून 2025 को (9 फेरे) प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी । इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है।

### इस समय रवाना होगी समर स्पेशल

08771 दुर्ग-लालकुआं साप्ताहिक समर स्पेशल दुर्ग से प्रत्येक गुरुवार को 10.45 बजे रवाना होगी तथा रायपुर आगमन 11.20 बजे, प्रस्थान 11.25 बजे, उस्लापुर आगमन 13.20 बजे, प्रस्थान 13.30 बजे, पेंड्रारोड आगमन 14.55 बजे, प्रस्थान 14.57 बजे, अनूपपुर आगमन 15.40 बजे, प्रस्थान 15.45 बजे, शहडोल आगमन 16.20 बजे, प्रस्थान 16.22 बजे एवं उमरिया आगमन 17.14 बजे, प्रस्थान 17.16 बजे तथा मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये होते हुये दूसरे दिन शुक्रवार को 17.50 बजे लालकुआं पहुंचेगी।



### ट्रेन का इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

रास्ते में ये गाडियां दोनों दिशाओं में रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, आगरा कैंट, मथुरा, निज़ामुद्दीन, गाजियाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, रुद्रपुर सिटी स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 से जानकारी ले सकेंगे।

### वापसी में ये शेडयूल

08772 लालकुआं-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन लालकुआँ से प्रत्येक शुक्रवार को 20.20 बजे रवाना होगी तथा तथा मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन उमरिया आगमन 19.46 बजे, प्रस्थान 19.48 बजे, शहडोल आगमन 21.20 बजे, प्रस्थान 21.22 बजे, अनूपपुर आगमन 22.05 बजे, प्रस्थान 22.10 बजे, पेंड्रारोड आगमन 23.00 बजे, प्रस्थान 23.02 बजे, तीसरे दिन उस्लापुर आगमन 01.15 बजे, प्रस्थान 01.25 बजे, रायपुर आगमन 03.00 बजे, प्रस्थान 03.05 बजे तथा रविवार को 04.00 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 3 जनरल, 15 स्लीपर, 02 एसी- 3 सहित कुल 22 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।






हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की याद में रोपे पौधे

## लाइव इवेंट

### आम्रपाली कॉलोनी में नई कार्यकारिणी का गठन, सुरजीत सिंह सैनी बने अध्यक्ष



**भिलाई।** आम्रपाली कॉलोनी के क्लब हाउस में आयोजित आमसभा में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कॉलोनीवासियों ने सर्वसम्मति ने नए पदाधिकारियों को चुना। इसमें अध्यक्ष सुरजीत सिंह सैनी, महासचिव राकेश अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह सैनी, प्रवक्ता डॉ. नंद अग्रवाल, संरक्षक मंडल सदस्य महादेव बंसल, चमनलाल बंसल, राम सिंह, राकेश गोयल, राजू बघेल, पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं राजकुमार गोयल शामिल हैं। इनके अलावा उपाध्यक्ष रजनीकांत अग्रवाल, हरनेक सिंह, राजू भोजक, सोमनाथ मिश्रा, सुरक्षा प्रबंधक इंद्रजीत सिंह सैनी, रोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निर्मल सिंह, सह-कोषाध्यक्ष रवि सोनी, सह-सचिवः राकेश मिश्रा, रितिका दास, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद ग्रोवर, चंद्रिका तिवारी, शीतल गोदवानी, रोहित केसरवानी, महेश्वर गोंडा, परमिंदर सिंह, राजा राव, विजय घोडके, पारस यादव, योगेश ठाकुर, महेंद्र यादव, बलविंदर सिंह, जितेंद्र बैठा एवं नर्सिंग अग्रवाल शामिल हैं। निर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल आगामी तीन वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है। कार्यकारिणी कॉलोनी के हितों की रक्षा के लिए समय-समय पर बैठकें कर निर्णय लेगी। कॉलोनीवासियों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिए।

## सिटी इवेंट

### यूनेस्को विश्व धरोहर घोषित करने बनी कमेटी में दुर्ग के छात्र शामिल



**भिलाई।** बस्तर की कांगेर घाटी को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थानों की सूची में शामिल कराने के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार ने प्रयास शुरू किए हैं। पिछले माह यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहरों की सूची में कांगेर घाटी को टेम्परेरी तौर पर शामिल किया गया है। इसे पूर्ण रूप से स्थाई तौर पर विश्व धरोहरों की सूची में शामिल कराने वन विभाग जगदलपुर कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस कमेटी के विशेषज्ञ सदस्यों के रूप में साइंस कॉलेज की शोधकर्ता छात्रा स्वप्ना गुप्ता तथा अलषिमा बसु रे को शामिल किया गया है। भूविज्ञान विषय में हाल ही में स्वप्ना गुप्ता ने कांगेर घाटी क्षेत्र में विद्यमान कुटुबसर गुफा तथा अन्य गुफाओं की उत्पति एवं विकास विषय पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से साइंस कॉलेज दुर्ग के भूविज्ञान विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा डॉ. श्रीनिवास देशमुख के सहमार्गदर्शन में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। कमेटी की दूसरी विशेषज्ञ सदस्य अरुणिमा बसु रे वर्तमान में साइंस कालेज दुर्ग के भूविज्ञान विभाग के डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जगदलपुर स्थित दलहन सागर तालाब में उपस्थित जलकुंभी के दुष्प्रभाव पर शोध कार्य कर ही है। ये दोनों शोध छात्राएं शासकीय काकतीय पीजी कालेज, जगदलपुर में अतिथि सहायक प्राध्यापक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रही है। बैठक में कांगेर घाटी नेशनल प्रोजेक्ट के डायरेक्टर चूड़ामणि,वन विशेषज्ञ अप्रितम झा, भारतीय वाइल्ड लाइफ संस्थान के डॉ. भूमेश तथा भूगर्भशास्त्र के विशेषज्ञ के रूप में डॉ. स्वप्ना गुप्ता एवं अरुणिमा बसु रे शामिल थे।

## सिटी इवेंट

### जीएसटी कमिश्नर से मिला चेंबर का प्रतिनिधि मंडल, रखी अपनी बात



**भिलाई।** चेंबर ऑफ कामर्स का प्रतिनिधि मंडल जीएसटी के आयुक्त पुष्पेंद्र मीणा से मिला। अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, संतोष गेहानी, कुलदीप सिंह, राजेश शर्मा, शंकर सचदेव उपस्थित थे। इस दौरान जीएसटी नियमों को लेकर हो रही परेशानी से अवगत कराया और अन्य विषयों पर अपनी बात रखी गई। मीणा ने आश्वासन दिया कि अब जीएसटी विभाग चेम्बर के साथ समन्वय कर अपनी गतिविधियों को संचालित करेगा।

### भसीन की निधि से बने सियान सदन का सांसद विजय बघेल ने किया लोकार्पण



**भिलाई।** वैशालीनगर के पूर्व विधायक स्व. विद्यारतन भशीन की विधायक निधि से निर्मित सियान सदन वार्ड 30 प्रगति नगर कैंप 1 का सांसद विजय बघेल ने लोकार्पण किया। वरिष्ठ नागरिक रामकुमार वर्मा एवं राजकुमार साहू ने बताया कि हम लोगों की बड़ी अभिलाषा थी कि यहां पर सियान सदन बने। जहां पर हम लोग बैठकर अपना दुख तकलीफ आपस में साझा करें। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित 35 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। बघेल ने कहा कि दिवंगत भसीन के विधायक निधि से निर्मित तीसरा सियान सदन बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, वार्ड पार्षद सत्यादेवी जयसवाल, संतोष मौर्या, स्वर्गीय विद्या रत्न भशीन की पुत्री दिव्या भसीन, अजय भसीन, स्वीटी कौशिक, प्रमोद सिंह, संजय अग्रवाल मौजूद थे।

● प्रगतिनगर रिसाली में 22 लड़कियों और 9 महिलाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

# महिलाएं और युवतियां सीख रहीं आत्मरक्षा के गुर कराते के साथ एक पंच में चित्त करने का ट्रिक भी जाना

**ट्विनसिटी की बेटियों को आत्मरक्षा को गुर सिखाए जा रहे हैं। इसकी शुरुआत सर्व समाज संगठन की महिला प्रकोष्ठ ने की है। देवांगन समाज के परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में लड़कियों और महिलाओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें 22 लड़कियां और 9 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इतना ही नहीं छोटे बच्चों को भी मार्शल आर्ट, जूडो-कराटे सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षकों द्वारा बताया जा रहा है कि एक पंच में कैसे सामने वाले को चित्त करना है। इस ट्रेनिंग के लिए हर दिन शाम 5.30 से 7.30 बजे तक क्लास लगाई जा रही है। महिलाओं को संडे के दिन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।**



**भिलाई।** आत्मरक्षा के प्रशिक्षण में महिलाओं को बताया जा रहा है कि गैंग रेप, छेड़छाड़ व किडनैपिंग से कैसे बच सकते हैं। प्रशिक्षक ने बताया कि पहले बेटियों के अंदर के झिझक को दूर किया जा रहा है। इस ट्रेनिंग के बाद बिल्कुल अपने आपको सुरक्षित समझती हैं। वक्त पड़ने पर सिखाए गए टिप्स का उपयोग करती हैं। बिना किसी के डरे अपनी ताकत का प्रदर्शन करती हैं। बाजार जाने व भीड़भाड़ के इलाकों में जाने से नहीं कतराती है। इस ट्रेनिंग के बाद उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजिका सुमन देवांगन ने कहा कि आए दिन लड़कियों एवं महिलाओं के प्रति लगातार हो रहे अपराध चिंतनीय एवं निंदनीय है। ऐसे समय में लड़कियों एवं महिलाओं सभी के स्वाभिमान एवं आत्मरक्षा के लिए सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जाना अतिआवश्यक हो गया है। अब लड़कियां जागरूक होकर आत्म रक्षा के गुर सीखने खुद आगे आ रही हैं। मार्शल आर्ट के प्रशिक्षक अभिषेक कुमार की टीम जूडो कराटे के माध्यम से विभिन्न परिस्थितियों में सेल्फ डिफेंस कैसे करें, इसका प्रदर्शन किया और आत्मरक्षा के गुर सिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक पंच मारकर किसी बदमाश को चित्त किया जा सकता है। सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण के लिए उपस्थित लड़कियों एवं महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सभी ने इस पहल की सराहना की है।



### मार्शल आर्ट एक स्पोर्ट्स एकेडमी दे रही जूडो-कराटे की ट्रेनिंग

परमेश्वरी भवन में देवांगन जन कल्याण समिति के सहयोग से अभिषेक मार्शल आर्ट एवं स्पोर्ट्स एकेडमी के द्वारा छोटे बच्चों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें अब लड़कियां एवं महिलाएं भी सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण ले रही हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने कहा कि महिला प्रकोष्ठ की पहल सराहनीय है। ऐसे हर रचनात्मक गतिविधियों के लिए महिला प्रकोष्ठ को छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा बेटियों और महिलाओं की सम्मान की रक्षा के लिए सर्व समाज संगठन हमेशा तैयार है।

### कोई भी आकर प्रशिक्षण शिविर में ले सकता है भाग

संगठन के उपाध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने सर्व समाज संगठन एवं महिला प्रकोष्ठ के उद्देश्यों, रचनात्मक गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाओं और लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए यह प्रयास शुरू किया गया है। इसे लेकर कोई भी पंजीयन करा सकता है। सभी महिलाओं और लड़कियों को प्रशिक्षण दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। नियमित रूप से बैठक में इस बारे में जानकारी भी दी जा रही है। आयोजित बैठक में प्रदेश संयोजिका सुमन देवांगन, भिलाई अध्यक्ष रामदुलारी ताम्रकार, शकुंतला केसकर, कुमुद ताम्रकार, डिकेश्वरी पटेल, नीता देशमुख, पुष्पा यादव, अनिता वर्मा, भूमिका देवांगन, सुमित्रा देवांगन, चित्रेखा मानिकपुरी, सुमित्रा रात्रे, दामिनी, गायत्री, कल्पना, युवती हेमलता आदि सहित अन्य मौजूद थे।

## 22वीं ऑल इंडिया एग्री स्पोर्ट्स में भाग लेने 44 खिलाड़ियों का दल आज होगा अयोध्या रवाना



**भिलाई।** कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा से 44 खिलाड़ियों का दल 29 अप्रैल अयोध्या में आयोजित एग्री स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के लिए रवाना होगा। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन और अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. केशब दास के नेतृत्व में टीम यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम 22वीं अखिल भारतीय अन्तर कृषि विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने जा रही है। इसमें वेटनरी कॉलेज अंजोरा, डेयरी कॉलेज रायपुर, मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा में अध्ययनरत 40 स्टूडेंट्स का चयन हुआ है। वे आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। डॉ. केशब दास ने बताया कि 22वीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2 से 5 मई 2025 तक आयोजित है। इसमें देश भर के 56 भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से संबद्ध विश्वविद्यालय एवं शैक्षणिक तथा अनुसंधान संस्थान एवं कृषि विश्वविद्यालय भाग लेंगे। इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी अपने कौशल दिखाएंगे। खिलाड़ियों को शारीरिक दक्षता एवं कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, खो-खो, वॉलीबॉल जैसे खेल शामिल होंगे। कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि कृषि खेल कृषि क्षेत्र से संबंधित खेल गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ-साथ खेल भावना और टीमवर्क को भी बढ़ाता है। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य, मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा के अधिष्ठाता डॉ. एमके गेंदले, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी, एबीएस दीवान और डॉ. शबीर अनंत ने बधाई दी।

## सर्व सेन समाज महानगर के पदाधिकारियों का निर्वाचन 29 को



**भिलाई।** सेन चौक नेहरू नगर में भिलाई महानगर सेलून संघ एवं सर्व सेन समाज भिलाई महानगर के निर्वाचन के लिए नामांकन दाखिल किया गया। सर्व सेन समाज अध्यक्ष पद के लिए नीलकंठ श्रीवास एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए राजू सेन ने नामांकन भरा। इसी प्रकार भिलाई महानगर सेलून संघ अध्यक्ष पद के लिए यादेश्वर सेन ने नामांकन भरा। जिला सेन समाज के अध्यक्ष भीखम सेन बताया कि निर्वाचन की विधिवत घोषणा 29 मई को किया जाएगा। निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में नरेश श्रीवास, लक्ष्मीनारायण सेन और सहयोगी के रूप बलेश्वर सेन, रोमन सेन, नारायण राव, वेणुगोपाल, युवराज सेन , विकास ठाकुर, तोष सेन, घनश्याम उमरे, संतोष सेन, विकास ठाकुर, दुर्योधन राव, के लक्ष्मण राव, धीरज सेन, दिनेश सेन आदि उपस्थित थे।

एक्सेल और एआई का जादू विषय पर आईसीएआई भवन में कार्यशाला

# स्टूडेंट्स ने जाने एआई आधारित ट्रिक्स, पावर पॉइंट, एक्सल डिजिटल कंटेन्ट, ऑटोमेशन और लर्निंग मैनेजमेंट को समझा

कार्नर न्यूज

भिलाई। सीआईसीएएसए भिलाई शाखा ने मास्टर द मैजिक ऑफ एक्सल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला आईसीएआई भवन सिविक सेंटर में हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को एक्सल की उन्नत तकनीकों और एआई टूल्स के माध्यम से उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए चिनय सोलंकी रहे, जो अपनी रोचक, व्यावहारिक और सहज शिक्षण शैली के लिए जाने जाते हैं। पांच घंटे तक चले इस गहन सत्र में प्रतिभागियों को एक्सल के अनेक अद्भुत ट्रिक्स सिखाए गए।



### डिजिटल युग और आने वाले समय में होने वाले बदलाव पर चर्चा

इस अवसर पर डिजिटल युग और आने वाले समय में होने वाले बदलाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आधुनिक एआई टूल्स जैसे बातचीत और टेक्स्ट जेनरेशन में सहायता हेतु, प्रेजेंटेशन निर्माण हेतु, डिजिटल कंटेंट निर्माण हेतु, कंटेंट ऑटोमेशन हेतु तथा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम हेतु के उपयोग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को इन उपकरणों के माध्यम से भविष्य की तकनीक के लिए तैयार होने का आत्मविश्वास मिला। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने लैपटॉप के माध्यम से हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस की, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। आयोजन के बाद हाईटी का भी आयोजन किया गया, जहां उपस्थित गणमान्य अतिथियों व छात्रों ने आपसी संवाद स्थापित कर अनुभव साझा किए। साथ ही पावर क्विरीज के माध्यम से जीएसटी रिकंसीलिएशन को अधिक आसान और प्रभावी ढंग से करने की तकनीक बताई गई। अपने तरह के इस अलग आयोजन में बड़ी संख्या में युवा पहुंचे, जिनमें इवेंट को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

### युवाओं को तकनीकी रूप से बेहतर बनाने हुई कार्यशाला

सीआईसीएएसए के अध्यक्ष सीए प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान करते हैं। उन्हें प्रतिस्पर्धी युग के लिए बेहतर ढंग से तैयार करते हैं। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सचिव दीक्षा गणेशानी द्वारा दिए गए भावपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यशाला का संचालन सांस्कृतिक प्रमुख आयुष नागदेव ने किया। इस कार्यशाला ने गुणवत्तापूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की गई। सभी ने इस नवाचारपूर्ण सत्र से अत्यंत लाभान्वित होने की बात कही। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन के लिए सहमति बनी।



## सिटी इवेंट

# इप्टा की ग्रीष्मकालीन बाल और तरुण नाट्य कार्यशाला 5 मई से



**भिलाई।** भारतीय जन नघ इप्टा द्वारा आयोजित 28वीं ग्रीष्म कालीन बाल एवं तरुण नाट्य कार्यशाला 5 मई से 25 मई तक भिलाई में आयोजित की गई है। भिलाई इप्टा द्वारा पिछले 27 वर्षों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार हर वर्ष 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी कार्यशाला की तिथि 5 मई से 25 मई तक निर्धारित की गई है। 24 एवं 25 मई को बच्चों द्वारा शिविर में तैयार किए गए, गाने, नृत्य एवं नाटकों की मंच प्रस्तुति की जाएगी। नाट्य शिविर में इप्टा के अनुभवी कलाकारों द्वारा बच्चों को योग, क्राफ्ट, थिएटर गेम्स, गायन, चित्रकला, कार्टून, मूर्तिकला, अभिनय, स्क्रिप्ट राइटिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षार्थियों को छत्तीसगढ़ के नामी गिरामी साहित्यकार, उपन्यासकार, कहानीकार, कवि, व्यंग्यकार, लोक कलाकार एवं पत्रकारों से रूबरू कराया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए फॉर्म इप्टा कार्यालय नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 से शाम 7 से रात 9 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। 12 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे प्रशिक्षण में भागीदारी कर सकते हैं और जानकारी के लिए इप्टा कार्यालय से चित्रांश श्रीवास्तव, चारु श्रीवास्तव, रोशन घड़ेकर, रोहित रेड्डी, निकिता कुमारी और सह सचिव अमिताभ शर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

- थिएटर गेम्स और स्क्रिप्ट राइटिंग का दिया जाएगा प्रशिक्षण

● गीत वितान कला केंद्र रुआबांधा द्वारा रवीन्द्रनाथ की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# रवीन्द्र जयंती: पेंटिंग और गायन की जुगल बंदी ने बटोरी तालियां भाव आधारित प्रेम, भक्ति रस, गीतांजलि काव्य ने रमाया

भिलाई। गीत वितान कला केन्द्र रुआबांधा ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की जयंती पर एसएनजी सभागृह एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने विशेष प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह उपस्थित थे। विशेष रूप से बीएसपी के अधिकारी विपिन कुमार गिरी, हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल मौजूद थे। सर्वप्रथम गुरुदेव रवीन्द्रनाथ के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आफिसर्स एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से रवींद्र भारती विश्वविद्यालय कोलकाता से तबला वादक डॉ. आशीष चक्रवर्ती को आमंत्रित किया गया था। सर्वप्रथम कार्यक्रम समन्वय नरेन्द्र कुमार बंछोर ने कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी दी। इसके बाद संस्था के छात्रगण ने चंदन-तिलक लगाकर एवं सप्तपरणी पत्तों के माध्यम से अतिथिगण का स्वागत किया।



### नाट्य निर्देशक और प्रचार-प्रसार से जुड़े लोगों का सम्मान



कार्यक्रम में विशेष रूप से कलाकार शक्ति चक्रवर्ती नाट्य निर्देशक, डॉ. रमेश कुमार सोनवणे, वंश बहादूर सिंह का सम्मान किया गया। इसके बाद प्रचार-प्रसार के प्रमुख व्यक्तियों को रवीन्द्र उत्सव स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रवीन्द्र प्रणती सांगितक प्रस्तुति दी गई। इसमें शास्त्रीय राग पर आधारित रवींद्र संगीत आलो आमार आलो की वादन संस्था के विद्यार्थियों ने किया। साथ ही रवींद्र संगीत के विविध भाव पर आधारित प्रेम रस, भक्ति रस, गीतांजलि काव्य एवं देशभक्ति पर आधारित रवींद्र संगीत संस्था के गायन छात्रगण द्वारा दिया गया। प्रस्तुति की कड़ी में चित्रकला विद्यार्थी ने द्वारा प्रकृति की विविध सुन्दरता को कैनवास पर लाइव दर्शाया। इसमें गायन के साथ पेन्टिंग की भावी प्रस्तुति दी गई।

### नृत्य नाटिका ऋतु रंग की रवींद्रनाट्यम नृत्य शैली में प्रस्तुति



आयोजित कार्यक्रम में दर्शकों ने तालियां देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। नृत्य नाटिका (ऋतु रंग) को रवीन्द्रनाट्यम नृत्य शैली मे प्रस्तुत किया गया। इसमें छः ऋतुओं की सुन्दरता के सकुशल भाव से मंच पर नृत्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया। इसमें दारून अग्नि बानेरे, मोनोमोर मेघेर शोंगी, आमार नयोनो भूलानो एले गीत पर कोरियोग्राफी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद भिलाई- दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर के सभी कालीबाड़ी समिति, सांस्कृतिक समूह जिन्होंने सहस्रकंठ कार्यक्रम में गीत वितान को सहयोग प्रदान किया। उनको संस्था की ओर से मंच पर सम्मानित किया गया।

### कलाकारों की इस कला देखने पहुंचे भिलायंस

कार्यक्रम का निर्देशन मिथुन दास ने किया। तबले पर रूद्र प्रसाद जेना, गिटार पर डेनिल कोसारिया, अमन बड़ाडे, की बोर्ड पर हर्ष सोनटेके, हारमोनियम पर चन्द्रा बैनर्जी, बांसुरी पर मनीष वर्मा ने संगत किया। आलेख का पाठ जॉली सेन, प्रबंधका पाठ बानी चक्रवर्ती द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन रचना श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन रजनी सिन्हा ने दिया। कलाकारों की इस कला को देखने के लिए बड़ी संख्या में भिलाई के लोग पहुंचे, जिन्होंने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## लाइव इवेंट

# बेगुनाह सैलानियों निर्मम हत्या पर लोगों ने जताया आक्रोश



**भिलाई।** पहलगाम के बैरसन घाटी में आतंकवादियों द्वारा 27 बेगुनाह सोलानियों की नृशंस हत्या करने पर तालपुरी के जूही हाइट्स के निवासियों ने एक शोकसभा आयोजित की। इस शोकसभा में लोगों ने आतंकवादियों के खिलाफ तीव्र रोष प्रकट करने के साथ-साथ निर्दोष पर्यटकों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। गमगीन माहौल में आयोजित शोकसभा में लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी। सभी ने एक स्वर में केंद्र सरकार से पाकपरस्त इन आतंकवादियों और उनके अड्डों को नेस्तनाबूद करने की मांग की है। पहले कैंडल मार्च निकालने का फैसला किया गया था, लेकिन तेज हवा चलने और बूंदाबांदी होने के कारण इसके स्थान पर शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा को संबोधित करते हुए पार्षद सविता ढवस ने कहा कि मृतकों के परिजनों के साथ सारा देश इस दर्द से गुजर रहा है। इस बर्बर हमले से देश की आत्मा भीतर तक आहत हुई है। अब वक्त आ गया है कि आतंकवादियों को सबक सिखाया जाए। पूर्व अध्यक्ष बीए नायडु ने कहा कि हमारा जूही परिवार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने इस हमले में हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। नायडु ने इस मौके पर श्रद्धांजलि के तौर पर 'वो हृदय विदारक पल, इंसानियत के दुश्मनों का छल' कविता का पाठ भी किया। अध्यक्ष दुर्योधन रेड्डी ने कहा कि पीड़ित परिवार जिस कठिन समय से गुजर रहे हैं, उनके साथ जूही परिवार पूरी संवेदना के साथ खड़ा है। सीटू के महासचिव एसपी डे ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ये आतंकवादी मानवता के दुश्मन हैं, इनका कोई मजहब नहीं होता। श्रद्धांजलि देने वालों में नोहर सिंह गजेंद्र, नंद कुमार परगनिया, विनायक जैन, राजकुमार चौबे, ललित साव, महिमा धोबले, श्वेता सिन्हा, थान सिंह साहू, गीतेंद्र चंद्राकर उपस्थित थे।

## जनसमर्पण की पहल...

# मंदिर-मस्जिद के बाहर रखे पानी के पात्र ताकि भीषण गर्मी भूखे-प्यासे न रहें जीव-जंतु



**दुर्ग।** गर्मी के मौसम में पक्षी से लेकर जानवरों को पानी के लिए परेशानी न हो इसलिए जन समर्पण सेवा संस्था ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में देवालयों, मस्जिदों, चर्चों और गुरुद्वारों के आसपास पानी के पात्र रखे। ताकि जीव-जंतुओं को इस भीषण गर्मी में पानी या भोजन को लेकर किसी प्रकार क की परेशानी न उठानी पड़े। गौ माता के लिए पानी की टंकी कोटना और पक्षियों के लिए साकोरे बांट रहे हैं। संस्था के सुजल शर्मा ने बताया कि पहले चरण में काउंटर लगाकर कोटना और सकोरा बांटा गया था। दूसरे चरण में प्रमुख मंदिरों में जाकर अपने हाथों से उचित स्थान पर गौ माता एवं अन्य पशुओं के दाना पानी हेतु सीमेंट का कोटना रखा गया। साथ ही आम जनता एवं मंदिर समिति, मंदिर पुजारियों से निवेदन किया कि मंदिरों एवं अपने घर के बाहर गौ माता एवं अन्य पशुओं के लिए रखी गयी पानी टंकी कोटना में प्रतिदिन पानी अवश्य डालें। लगभग 20 प्रमुख मंदिरों में कोटना रखकर पानी भरा गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, आशीष मेश्राम, राजेंद्र ताम्रकार, सुजल शर्मा, मृदुल गुप्ता, प्रकाश कश्यप, अख्तर यासनी, दुर्गेश यादव, शिबू खान, दद्दू ढीमर, शंकु ढीमर, हरीश ढीमर, संजय सेन सहित अन्य मौजूद थे।

### सहेजना का लिया संकल्प

# पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की याद में रोपे पौधे



**भिलाई।** मनवा कुर्मी कल्याण समिति,भिलाई नगर ने पहलगाम में हुए दुर्भाग्यपूर्ण आतंकी हमले में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसे लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम समिति के सदस्यों और शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भावपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू वृक्षों एवं पौधों में पानी सिंचित करने का अनूठा प्रयास रहा। समिति के सदस्यों ने प्रतीकात्मक रूप से विभिन्न पौधों और वृक्षों में जल डालकर दिवंगत आत्माओं की शांति और प्रकृति के साथ उनके अटूट संबंध की कामना की। इस पहल को पर्यावरण संरक्षण और संवेदना के एक सुंदर समन्वय के रूप में देखा गया। इस श्रद्धांजलि सभा में मनवा कुर्मी कल्याण समिति के अध्यक्ष सेवकराम वर्मा ने कहा कि पहलगाम में जो कुछ भी हुआ, वह अत्यंत दुखद और निंदनीय है। हम उन सभी दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और उनके परिवारों के दुख में सहभागी हैं। राजप्रधान दुर्गराज ईश्वरी वर्मा जी ने कहा वृक्षों और पौधों में जल सिंचित करना हमारी ओर से एक छोटा सा प्रयास है, ताकि हम प्रकृति के माध्यम से उन आत्माओं को शांति और सुकून पहुंचा सकें। इस अवसर पर ईश्वरी वर्मा, भगवती चरण मढ़रिया, चुनेश्वर नायक, सेवक राम वर्मा, निशीकांत परगनिहा, बालूराम वर्मा, राजेश नायक, कृतराम मढ़रिया, विजय वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, जीवन वर्मा, केदार वर्मा, अजित बंछोर, कृष्ण कुमार वर्मा, संतोष कुमार बंछोर, डामन चंद्रवंशी, आईएस मनु, उत्तम वर्मा, राजेश वर्मा, संतोष पैकरा, राजेश परगनिहा, रामकुमार वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, टापसिंह सहित अन्य मौजूद थे।

> मनवा कुर्मी कल्याम समिति ने आतंकी हमले में मरने वालों को अर्पित की श्रद्धांजलि

### डिप्टी सीएम ने किया हड्डी रोग विशेषज्ञ अप्पल को सम्मानित

**भिलाई।** सम्मान समारोह और मिनीमाता मूर्ति अनावरण का कार्यक्रम ग्राम भेंड़रा गुण्डरदेही में आयोजित हुआ। इस दौरान समारोह के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव थे। इसके अलावा अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा मौजूद थे। समारोह में शहर के हड्डी और नश रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वाई अप्पल नायडू को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर डिप्टी सीएम ने सम्मानित किया है। श्री नायडू ने अब तक 6 लाख 20 हजार से भी अधिक मरीजों का उपचार कर चुके है। इस कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है।



## स्पोर्ट्स इवेंट

# तलवारबाजी चैम्पियनशिप के लिए दो खिलाड़ी का चयन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की तलवारबाजी के दो खिलाड़ियों ने भारतीय तलवारबाजी टीम (महिला और पुरुष) के लिए ट्रायल दिया। सीनियर एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप 17 जून से 23 जून 2025 तक बाली इंडोनेशिया में आयोजित है। सीनियर विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप 22 से 30 जुलाई तक तिब्लिसी जॉर्जिया में होने जा रही है। इसके लिए चयन ट्रायल इंडोर स्टेडियम हल्द्वानी उत्तराखंड में आयोजित किया गया। फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित ट्रायल में देश भर के सर्वश्रेष्ठ तलवारबाजों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। छत्तीसगढ़ तलवारबाजी के सदस्यों एस. प्रकाश, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत सिंह पटेल, महासचिव बशीर अहमद खान, कोषाध्यक्ष रामप्रताप गुप्ता, संयुक्त सचिव अखिलेश दुबे, निखिल जांभुलकर और कोच वी जॉनसन सोलोमन, प्रवीण कुमार और मोनीश वर्मा ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

- इंडोनेशिया में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

### उमरपोटी में 5 मई तक आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन

# बिना महापुरुष के शरणागति किए भगवत प्राप्ति असंभव, उनके चरण रज से अपने को अभिषिक्त करने से ईश्वरीय जगत में प्रवेश संभव

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ग्राम उमरपोटी में आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के सातवें दिन जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी देवी ने महापुरुष तत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिना महापुरुष की शरणागति किये किसी जीव को भगवतप्राप्ति नहीं हो सकती। भागवत से उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब तक किसी वास्तविक महापुरुष की चरण रज से हम अपने आप को अभिषिक्त नहीं कर लेते, तब तक निवृत्ति तो बहुत दूर की बात है। हम ईश्वरीय जगत में पहला कदम भी नहीं रख सकते। प्रारंभ में तत्व ज्ञान प्रदान करने से लेकर साधना पथ की कठिनाइयों का समाधान करना और फिर अंतःकरण की शुद्धि के पश्चात अंतिम तत्व ईश्वरीय प्रेम प्रदान करना ये सब गुरु ही करता है।



### ईश्वर की प्राप्ति के लिए वेदों का ज्ञान आवश्यक

प्रचारिका श्रीश्वरी ने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए वेदों का ज्ञान आवश्यक है। वेद, भागवत एवं गीता से प्रमाण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि गुरु श्रोत्रिय एवं ब्रह्मनिष्ठ होना चाहिए। अर्थात वो समस्त वेदों, शास्त्रों, का ज्ञाता हो और स्वयं ने ईश्वर प्राप्ति की हो। ऐसे गुरु की ही हमको शरणागति करनी है। लेकिन महापुरुष को हम कैसे पहचानें इत्यादि आगे के प्रवचनों में बताया जाएगा। बता दें कि 22 अप्रैल से आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। 5 मई तक प्रतिदिन शाम 6 से रात 8 बजे तक प्रवचन का आयोजन हो रहा है। इसलिए गीता में कृष्ण ने कहा तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया अर्थात भगवान के लिए हमें सर्वप्रथम गुरु की पूर्ण शरणागति करनी होगी प्रणिपातेन। परिप्रश्नेन अर्थात पूर्ण जिज्ञासु भाव से गुरु से ईश्वर संबंधी शंकाओं पर प्रश्न करना होगा। फिर उनकी तन, मन, धन से सेवा करनी होगी।



### जितने गुरु के प्रति जिज्ञासा बढ़ेगी, उतनी तेजी से अंतः करण होगा शुद्ध

प्रचारिका ने कहा कि जितनी हमारी गुरु के प्रति सेवा वासना बढ़ेगी उतनी द्रुत गति से हमारा अंतःकारण शुद्ध होगा। हमारा मन संसार से हटेगा और हम ईश्वर प्राप्ति की ओर अग्रसर होंगे। कृष्ण की नित्य सेवा प्राप्ति ही हमारा लक्ष्य है जो कि प्रथम गुरु सेवा से ही हमें प्राप्त होगी। गुरु शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए प्रचारिका ने कहा कि जो जीव को माया निवृत्ति करा दे और जीव को ईश्वरीय प्रेम प्रदान करे, वही वास्तविक गुरु है। लेकिन ऐसा वही कर सकता है, जिसकी स्वयं की माया निवृत्ति हो चुकी हो।

ये भी जाने

## गुलाब के पौधे का इस तरह से रखें ध्यान, रहेगा हरा-भरा, अच्छे खिलेंगे फूल



गुलाब का पौधा घर की सुंदरता बढ़ाने का एक अच्छा तरीका है। इसे सही देखभाल की जरूरत होती है ताकि यह लंबे समय तक खिला रहे। अगर आप चाहते हैं कि आपका गुलाब का पौधा हमेशा खिला रहे तो इसके लिए कुछ खास बातों का ध्यान रखना जरूरी है। आइए गुलाब के पौधे की देखभाल के लिए आसान और प्रभावी टिप्स जानते हैं ताकि इसके फूलों की ताजगी और खुशबू आपके घर की शोभा बढ़ा सकें।

**रोज पानी देना है जरूरी :** गुलाब के पौधे को स्वस्थ रखने के लिए इसे रोज पानी देना जरूरी होता है, खासकर गर्मियों में जब तापमान ज्यादा होता है तो पौधे को दिन में दो बार पानी दें। सुबह और शाम का समय सबसे सही होता है क्योंकि इस समय मिट्टी ठंडी रहती है और पानी जल्दी सोख लिया जाता है। ध्यान रखें कि पानी पौधे की जड़ों तक पहुंचे ताकि वह अच्छे से बढ़ सके।

**धूप का रखें ध्यान :** गुलाब के पौधे को अच्छी तरह से बढ़ने के लिए धूप की जरूरत होती है। इसे ऐसी जगह रखें जहां सीधी धूप आती हो, लेकिन ध्यान दें कि बहुत तेज धूप से पत्तियां जल सकती हैं। सुबह की धूप सबसे अच्छी होती है इसलिए पौधे को सुबह के समय धूप वाली जगह पर रखें। अगर आपके पास ऐसा स्थान नहीं है तो पौधे को बाहर ले जाकर धूप दिखाएं।

**खाद का करें उपयोग :** गुलाब के पौधे को पोषण देने के लिए समय-समय पर खाद डालना जरूरी है। महीने में एक बार जैविक खाद या अन्य प्रकार की खाद डालें ताकि पौधे को जरूरी पोषक तत्व मिल सकें। इससे उसकी जड़ें मजबूत होती हैं और फूल भी अच्छे आते हैं। ध्यान रखें कि ज्यादा खाद डालने से पौधे को नुकसान हो सकता है इसलिए मात्रा का ध्यान रखें।

## घर से निकलते समय इन चीजों का होना है लाभ का संकेत, हर तरफ से आएगी खुशहाली



शकुन शास्त्र ज्योतिष से जुड़ी एक ऐसी विद्या है, जो हमें व्यक्ति के जीवन में होने वाली शुभ और अशुभ घटनाओं की जानकारी देती है। एक बार ऐसा होता है कि जब हम कोई जरूरी काम करना चाहते हैं तो हमें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में व्यक्ति यह नहीं समझ पाता कि आखिरकार ऐसी क्या चीज है जो उसके कामों में अड़ंगा लगा रही है।

जिस तरह से काम में परेशानी आती है इस तरह से कई बार ऐसा भी होता है कि हमें जिस चीज की उम्मीद भी नहीं होती वह भी पूरी हो जाती है। हर तरफ से शुभ समाचार मिलने लगते हैं और समस्याएं समाप्त हो जाती है। अपने आसपास होने वाले कुछ चीजों को अगर हम समझ ले तो शकुन अपशकुन की पहचान आसानी से कर सकते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम घर से निकलते हैं तो कुछ ऐसी चीज होती है, जो हमें लाभ का इशारा देती है। चलिए आज आपको इसी के बारे में बताते हैं।

**पैसों का गिरना :** कई बार जब हम कहीं जाने के लिए तैयार होते हैं तो हमारी जेब से पैसे गिर जाते हैं। यह एक शुभ संकेत होता है जो हमें धन लाभ होने की जानकारी देने का काम करता है। अगर पैसे, कपड़े उतारते समय गिर रहे हैं तो यह भी धन लाभ होने का संकेत है।

**कुंवारी लड़कियों को देखना :** कई बार जब हम घर से निकलते हैं तो कुछ लोगों को या लड़कियों को आपस में बात करते हुए देखते हैं। यह चीज उस समय बेहद शुभ मानी गई है जब आप वर या वधू के लिए लड़का या लड़की देखने जा रहे हैं। यह बहुत अच्छा सुकून होता है जो रिश्ता होने के योग बनता है।

**पक्षी का बीट करना :** कई बार जरूरी काम के लिए जाते समय पक्षी हमारे ऊपर बीट कर देता है। यह चीज हमें परेशान जरूर कर देती है लेकिन यह काफी शुभ माना गया है। संकेत है कि जीवन से दरिद्रता समाप्त होने वाली है और ढेर सारी खुशियों का आगमन होगा।

**गाय का आना :** जब हम घर से निकल रहे हैं और अचानक हमें गाय दिखाई दे रही है या फिर कोई विवाहित महिला नजर आ रही है तो यह बहुत शुभ माना जाता है। यह संकेत हमें बताता है कि हम जिस काम के लिए घर से निकल रहे हैं उसमें हमें सफलता की प्राप्ति जरूर होने वाली है।

**नेवला देखना :** वैसे तो यह बहुत कम होता है लेकिन अगर सुबह-सुबह उठने के बाद आपको नेवला नजर आए तो यह बहुत अच्छा संकेत होता है। यह हमें गुप्त धन की प्राप्ति और कार्यों में सफलता का संकेत देता है।

### बच्चों को एसी-कूलर के दुष्प्रभाव से बचाने एहतियात जरूर बरतें

# बच्चे को एसी या कूलर की आदत पड़ चुकी तो इन बातों का रखें ध्यान, नहीं पड़ेंगे बीमार

मई के पहले ही गर्मी का कहर शुरू हो चुका है। हर कोई गर्मी से बेहाल है। गर्मी और उमस से छुटकारा पाने के लिए हर कोई कूलर या एसी में रहना चाहता है। एसी या कूलर की हवा काफी हद तक आपको सुकून पहुंचाती है। लेकिन क्या यह हवा नवजात शिशु या छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित होती है? अक्सर माता पिता इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. रीमा पांडया के मुताबिक आप बच्चे को एसी या कूलर की हवा में सुला सकते हैं लेकिन आपको इस दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना होता है। आइए जानते हैं बच्चे को एसी या कूलर में सुलाते वक्त किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



### हो सकता है त्वचा रोग

एयर कंडीशनर में बच्चे को सुलाने के कारण त्वचा का रूखापन बढ़ सकता है। इससे त्वचा रोग हो सकता है। ऐसे में आप अपने बच्चे को टाइम टू टाइम डॉक्टर के बताए मॉइस्चराइजर लगाएं। साथ ही उसे स्तनपान भी कराते रहें, इससे हाइड्रेशन बनी रहेगी। वहीं अगर आपका बच्चा बीमार रहता है या प्रीं-मैच्योर है तो उसे एसी या कूलर की हवा में सुलाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### बच्चों की इम्यूनिटी कमजोरी होती है

बच्चे को एसी या कूलर में सुलाते हैं तो हमेशा ध्यान रहे कि आपके बच्चे पर सीधी हवा नहीं पड़े। बच्चों की इम्यूनिटी कमजोरी होती है ऐसे में थोड़ी सी ठंड में भी आपके बेबी को सर्दी जुकाम और बुखार हो सकता है। समय-समय पर आप अपने बच्चे के शरीर को छूते रहें, ताकि आपको मालूम चले कि बच्चे को बुखार तो नहीं। बच्चे को अगर आप एसी वाले कमरे से दूसरे कमरे में शिफ्ट कर रहे हैं तो तुरंत ऐसा न करें, पहले एसी बंद करके बॉडी को रूम टेंपरेचर पर लाएं, इसके बाद ही उसे दूसरे कमरे में ले जाएं।

### एसी का तापमान 23 से 26 रखें।

बच्चे को बहुत ज्यादा देर तक ठंडे तापमान पर ना रखें, इससे बॉडी टेंपरेचर लो होने का खतरा हो सकता है। एसी वाले कमर में बच्चे को सुलाते हैं तो एसी का तापमान 23 से 26 रखें। इससे कम तापमान करते हैं तो बच्चा बीमार पड़ सकता है। अगर एसी या कूलर में बच्चे को सुलाते भी हैं तो उन्हें अच्छी तरह से कवर कर दें। बीच बीच में बच्चे को चेक करती रहें कि कहीं ठंड के कारण उन्हें ठिठुरन तो नहीं हो रही है।

## कटे फलों पर नमक या शक्कर डालकर खाना हानिकारक, सेहत को हो सकता है नुकसान

क्या आपने गर्मियों में तरबूज पर नमक छिड़क कर या अमरूद पर चाट मसाला मिलाकर खाया है? खरबूजे में चीनी मिलाकर स्वाद लिया है? अक्सर लोग ताजे फलों को काटकर खाते हैं या उनका सलाद बनाते हैं। फ्रूट सलाद बनाने के लिए कटे हुए फलों पर लोग चाट मसाला या नमक छिड़कते हैं। इससे फल का स्वाद बढ़ जाता है। घर पर प्याज, खीरा आदि भी काटकर सलाद बनाते हैं और उसमें नमक मिलाते हैं। कई बार फल की मिठास को और बढ़ाने के लिए लोग कटे फलों में चीनी मिला लेते हैं। अगर आपको भी कटे फलों में ऊपर से शक्कर, नमक या चाट मसाला डालकर खाना पसंद है तो सावधान हो जाइए। इस तरह के फलों का सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। फल के सेवन का सही तरीका जानें ताकि सेहत पर बुरा असर न पड़े।



**फल में नमक मिलाकर खाने के नुकसान :** विशेषज्ञों के मुताबिक, कटे फल पर नमक छिड़कने पर वह पानी छोड़ने लगता है। इस से फल में मौजूद न्यूट्रिएंट्स खत्म हो जाते हैं। वहीं नमक या चाट मसाले में मौजूद सोडियम किडनी पर असर करता है। अगर आप नमक के साथ चाट मसाला भी मिलाते हैं, तो शरीर में सोडियम की मात्रा ज्यादा हो जाती है, क्योंकि चाट मसाले में भी नमक होता है।

**फल खाने का तरीका :** फलों के सेवन का एक सही तरीका होता है। अक्सर लोग खाने के साथ ताजे फलों का बना सलाद खाते हैं। भारतीय भोजन में कार्ब और कैलोरी भरपूर मात्रा में होती है। लेकिन जब हम भोजन के साथ फल का सेवन करते हैं तो कार्ब और कैलोरी बढ़ जाती है। ऐसे में भोजन में कार्ब की मात्रा को कम करके फल साथ में खा सकते हैं। वरना खाना और फल को एक साथ मिक्स करके न खाएं।

### फल में शक्कर मिलाकर सेवन के नुकसान

फल में प्राकृतिक मिठास होती है। फलों में ग्लूकोज भी पाया जाता है, जो कैलोरी बढ़ाता है। ऐसे में अगर आप कटे फलों में ऊपर से चीनी मिलाते हैं, जो शरीर में मिठास की मात्रा अतिरिक्त हो जाती है। इससे डायबिटीज की समस्या बढ़ सकती है। अतिरिक्त शर्करा से वजन भी बढ़ता है। जो मरीज मधुमेह से पीड़ित हैं उनके लिए फलों में ऊपर से चीनी मिलाकर खाना नुकसानदायक हो सकता है।


## तुलसी के पत्तों के इस उपाय से बदल सकती है आपकी किस्मत

घर में तुलसी का पौधा रखने से आर्थिक तंगी दूर होती है। शास्त्रों में इसे देवी लक्ष्मी का रूप माना जाता है। तुलसी के पौधे की नियमनुसार पूजा करने से वास्तु दोष भी दूर होता है। हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत पवित्र माना जाता है। त्योहारों में इनकी पूजा करने से घर में लक्ष्मी जी का वास होता है। ऐसी मान्यता है जिस घर में तुलसी का पौधा होता है, वहां हमेशा देवी मां की कृपा बनी रहती है। बता दें, भगवान विष्णु के अलावा श्रीकृष्ण और हनुमान जी को भी तुलसी अति प्रिय है। तुलसी न केवल धार्मिक दृष्टि से फलदायी है बल्कि इसे स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक माना जाता है। इसमें मौजूद औषधीय गुण शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। तुलसी की पत्तियों से जुड़ें उपाय जीवन की राह बदलने के काम करते हैं। दरअसल, तुलसी की पत्तियों के उपाय करने से तरक्की के योग बनते हैं। साथ ही कई अन्य लाभ भी जातक को मिलते हैं। इसी कड़ी में आइए इससे मिलने वाले अन्य लाभ के बारे में भी जान लेते हैं।



### तुलसी की पत्तियों के उपाय

शुक्रवार के दिन तुलसी के पौधे से 11 पत्तियां तोड़कर आटे के डिब्बे में डाल दें। मान्यता है कि इससे अन्न की कमी नहीं होती है। साथ ही घर परिवार में बरकत होती है। अगर आप आर्थिक समस्या से परेशान हैं, तो तुलसी के पत्तों को किसी लाल रंग के कपड़े में बांधकर रख दें। बाद में इसे अपने पर्स या अलमारी में किसी जगह रख दें। ऐसा करने से घर में धन की आवक बढ़ती है। गुरुवार के दिन तुलसी की पत्तियों को भगवान विष्णु जी को अर्पित कर दें। बाद में इन्हें पीले रंग के कपड़े में बांधकर अलमारी में रख दें। इससे मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी। भाग्योदय के लिए आटे के दीपक में घी डालें। फिर इसके बाद एक चुटकी हल्दी डालकर शाम के समय इसे प्रज्वलित करें। बाद में उस दीपक तुलसी की जड़ों में उत्तर दिशा में रख दें। मान्यता है कि ऐसा करने से आपकी बंद किस्मत खुल सकती है। मनोकामना पूरी करने के लिए आप पीतल के लोटे में 4 से 5 तुलसी की पत्तियां डालें। इसके बाद इसे डालकर करीब 24 घंटे के लिए रख दें।



## खाने के बाद करें ये योगासन, फटाफट हजम हो जाएगा भोजन

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, योग शरीर और मस्तिष्क दोनों के लिए फायदेमंद होता है। तमाम बीमारियों से बचाव और उपचार में योग असरदार है। शरीर को लचीला बनाने, मांसपेशियों की मजबूती और अतिरिक्त वसा को घटाने के लिए नियमित योगासन के अभ्यास की सलाह दी जाती है।

मानसून में पेट संबंधी शिकायत हो सकती है। बारिश के मौसम में गर्मागर्म पकोड़े, समोसे आदि के सेवन से अपच, दर्द और पेट फूलने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। पाचन क्रिया सही तरीके से न होने से कई शिकायत हो सकती हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि रात के भोजन के तुरंत बाद नहीं सोना चाहिए और कम से कम तीन घंटे का अंतराल हो, जिसमें पैदल चल सकते हैं या योग कर सकते हैं।

यहां कुछ योगासनों के बारे में बताया जा रहा है, जिसका अभ्यास खाने के बाद करना चाहिए, इससे फटाफट भोजन पच जाता है और पेट संबंधी समस्याएं नहीं होती हैं।

### वज्रासन

रात को खाने के बाद वज्रासन का अभ्यास कर सकते हैं। यह पाचन के लिए सबसे फायदेमंद योगासनों में शामिल है। इस आसन के अभ्यास से ऊपरी शरीर और पेट को स्ट्रेच करने में मदद मिलती है। खाली पेट वज्रासन के अभ्यास की सलाह दी जाती है लेकिन इस आसन को भोजन के बाद करना अधिक फायदेमंद होता है।



### गोमुखासन

गोमुखासन रीढ़ और पेट की मांसपेशियों में खिंचाव लाने में मदद करता है। इससे पाचन में मदद मिलती है और खाने के बाद इस आसन के अभ्यास से पेट का इलाज होता है। पाचन क्रिया को आसान बनाने के लिए नियमित इस योग का अभ्यास किया जा सकता है।

गोमुखासन के अभ्यास के लिए बाएं पैर को मोड़कर टखने को बाएं कूल्हे के पास रखें। अब दाहिने पैर को बाएं पैर पर इस तरह रखें कि दोनों घुटने एक-दूसरे को स्पर्श करें। अब हाथों को पीछे की ओर ले जाते हुए दाएं हाथ से बाएं हाथ को पकड़ लें। रीढ़ को सीधा रखते हुए लगभग 1 मिनट तक गहरी सांसें लें। धीरे धीरे पुरानी अवस्था में आ जाएं।

### धनुरासन

धनुरासन पाचन अंगों के कार्य को बढ़ाने में सहायक है। इस आसन के अभ्यास से पाचन बेहतर होता है। धनुरासन करने के लिए पेट के बल लेट कर पैरों को मोड़ते हुए छूने का प्रयास करें। बाहों और हाथों के उपयोग से टखनों को पकड़ें। टखनों को पीछे की ओर रखते हुए कंधों को खिंचाव दें।

कार्नर न्यूज

### छुट्टियों में बच्चों को सामाजिक तौर पर भी करें मजबूत

# बच्चे को लेकर जा रहे हैं रिश्तेदारों के घर, रिश्तों की अहमियत के साथ उन्हें सिखाएं कुछ जरूरी बातें

इन दिनों ज्यादातर स्कूलों में बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां लग चुकी हैं। ऐसे में लोग अपने बच्चों के साथ घूमने निकलते हैं। बहुत से लोग बच्चों की छुट्टियों में अपने रिश्तेदारों से मिलने जाते हैं। अगर आप भी आगामी छुट्टियों में बच्चों के साथ रिश्तेदारों के घर जाने का सोच रहे हैं, तो कुछ बातें जरूर ध्यान में रखें। दरअसल, हर माता-पिता ये चाहते हैं, कि उनका बच्चा बचपन से ही समझदार बने और उसकी वजह से उन्हें कहीं पर भी शर्मिंदा न होना पड़े। ऐसे में हर पैरेंट्स अपने बच्चे को बचपन से ही अच्छी बातें सिखाते हैं।



### किसी का सामान लेने से पहले पूछना


खाने-पीने से लेकर उठने-बैठने तक के लिए बच्चे को तमीज सिखाई जाती है, लेकिन बहुत से माता-पिता इन बातों पर ध्यान नहीं देते। जिस वजह से बच्चे काफी जिद्दी हो जाते हैं, और रिश्तेदारों के सामने वो अपने माता-पिता को शर्मिंदा कर देते हैं। आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में जानना चाहिए, जो आप अपने बच्चे को जरूर सिखाएं। ज्यादातर बच्चे जब किसी के घर जाते हैं, तो लोगों का मोबाइल बिना पूछे ले लेते हैं। फोन के अलावा कई बार को वो लोगों की पर्सनल चीजें भी बिना पूछे उठा लेते हैं। ऐसे में अपने बच्चे को अच्छी तरह से ये सिखाएं कि वो कभी बिना पूछे किसी का सामान न लें। अगर किसी ने मना किया है तो बार-बार लेने का पूछे भी नहीं।

### लोगों को धन्यवाद कहना

ये सबसे जरूरी बात होती है। हर बच्चे में ये आदत होनी ही चाहिए कि यदि कोई उन्हें कोई चीज दे रहा है तो सबसे पहले स्माइल करते हुए वो सामने वाले को धन्यवाद करें।

### सामान को वापस जगह पर रखना

बच्चे को पहले से ही ये सिखाएं कि अगर उसने किसी के घर पर कहीं से कुछ सामान देखने के लिए उठाया है, तो उसे वापस उसी जगह पर रखे। ऐसा करने पर लोग बच्चे की तारीफ करेंगे।



### ज्यादा जंक फूड को न कहना

अक्सर जब कोई मेहमान आता है तो लोग उन्हें ढेर सारे स्नैक्स और जंक फूड परोसते हैं। अगर आप भी कहीं जा रहे हैं, तो अपने बच्चे को ये सिखा कर जाएं कि वो ज्यादा जंक फूड न खाए और खुद से ही इसके लिए मना भी करे।

### किसी को उल्टा जवाब न देना

आजकल के बच्चे काफी चटक स्वभाव के होते हैं। ऐसे में कई बार वो अपने से बड़ों को भी उल्टा जवाब दे देते हैं। ऐसे में बच्चों को ये जरूर सिखाएं कि उन्हें अपने से बड़ों को कभी उल्टा जवाब नहीं देना चाहिए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'गोल्डन ग्लोब्स' का हुआ ऐलान, निक्की ग्लेसर फिर करेंगी मेजबानी



हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो में से एक, गोल्डन ग्लोब्स का 83वां संस्करण 11 जनवरी 2026 को बेवर्ली हिल्टन में आयोजित होगा। आयोजकों ने हाल ही में इसकी घोषणा की। मशहूर कॉमेडियन निक्की ग्लेसर एक बार फिर इस शो की मेजबानी करेंगी। 2025 में निक्की ने गोल्डन ग्लोब्स की पहली सोलो महिला होस्ट बनकर इतिहास रच दिया था। अब वह 2026 में दोबारा यह जिम्मेदारी संभालने के लिए उत्साहित हैं।

आयोजकों के अनुसार साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों और टीवी शोज के लिए नामांकन की घोषणा 8 दिसंबर 2025 को होगी। वैराइटी की रिपोर्ट के मुताबिक अवॉर्ड्स का पूरा शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा। निक्की ने अपने बयान में मजाकिया अंदाज में कहा, ₹इस साल गोल्डन ग्लोब्स की मेजबानी मेरे करियर का सबसे मजेदार अनुभव था। मैं इसे फिर से करने के लिए बेताब हूं। इस बार मैं 'द व्हाइट लोटस' की टीम के सामने होस्ट करूंगी जो मेरी प्रतिभा को देखकर मुझे सीजन 4 में एक स्कैंडिनेवियाई पिलेट्स इंस्ट्रक्टर के किरदार में कास्ट करेंगे। गोल्डन ग्लोब्स की अध्यक्ष हेलेन होहने ने निक्की की तारीफ करते हुए कहा, ₹इस साल निक्की ने अपनी ताजगी भरी हाजिरजवाबी और बेबाक कॉमेडी से गोल्डन ग्लोब्स के मंच को जीवंत कर दिया था। उनकी मौजूदगी ने समारोह को यादगार और मजेदार बना दिया था।₹ इस शो का आयोजन और प्रोडक्शन करने वाले डिक क्लार्क प्रोडक्शंस ने कहा कि 2025 के गोल्डन ग्लोब्स को औसतन 9.3 मिलियन लोगों ने लाइव देखा। यह संख्या

### टॉलीवुड

## 'जेलर 2' में रजनीकांत के साथ मलयालम स्टार फहाद भी शुरू करेंगे शूटिंग



सुपरस्टार रजनीकांत एक बार फिर निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार के साथ फिल्म 'जेलर' के सीक्वल 'जेलर 2' के लिए काम कर रहे हैं। फिल्म 'जेलर 2' की शूटिंग अभी केरल में चल रही है, जिसमें रजनीकांत जी तोड़ से मेहनत कर रहे हैं। खबर है कि मलयालम स्टार फहाद फासिल भी इस फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होनी अभी बाकी है। प्रशंसक उन्हें रजनीकांत के साथ देखने के लिए उत्साहित हैं। वैसे रजनीकांत के प्रशंसकों का मानना है कि यह तमिल सिनेमा की पहली ऐसी फिल्म हो सकती है जो 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई करे। फिल्म में रजनीकांत के अलावा राम्या कृष्णन, मिरना, शिवा राजकुमार जैसे कलाकार अहम भूमिका में नजर आएंगे। वहीं अब फिल्म में फहाद फासिल का नाम जुड़ने से फिल्म को लेकर प्रशंसकों की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। यह फिल्म बड़े स्तर पर बनाई जा रही है। अनिरुद्ध रविचंदर इसका संगीत दे रहे हैं, जो एक शानदार साउंडट्रैक का वादा करती है।

### भोजपुरी

## 'क्योंकि... हर एक सास जरूरी होती है' का ट्रेलर हुआ जारी, मिलेगा घरेलू मनोरंजन



अगर आपको भोजपुरी फिल्में देखना पसंद है तो एक नई भोजपुरी फिल्म आ चुकी है, जिसे आप अपनी फैमिली के साथ घर बैठकर आराम से देख सकते हैं। कहानी एक बहू और सास की है, जिसपर अत्याचार होते देख ददिया सास की आत्मा लौट आती है। सास जब आपन बहू के सतावेली ता का उ आपन सास के बात याद रखेली? जाने खातिर देखीं फिलिम 'क्योंकि... हर एक सास जरूरी होती है'। जी हां, इस नई भोजपुरी फिल्म का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसमें बहू और सास की ड्रामे भरी कहानी दिखाई गई है। कहानी में सस्पेंस और इमोशंस कूट-कूटकर भरा है। इसे आप तीन दिन बाद घर पर ही फैमिली संग बैठकर इंजॉय कर सकते हैं। भोजपुरी फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि घर में नई बहू शादी करके आती है, लेकिन उसकी सास उसे पसंद नहीं करती है। बहू दिल-जान से अपने ससुरालवालों की सेवा करती है, लेकिन सास को उसकी हर चीज में एक चाल नजर आती है। उसे डर है कि कहीं उसका बेटा और घर, बहू के हाथ में ना चला जाए। लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब ददिया सास की आत्मा आ जाती है। इस फिल्म में अपर्णा मलिक नजर आने वाली हैं। इनके अलावा भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के कई जाने-माने सितारे भी नजर आने वाले हैं। सभी ने फिल्म में दमदार एक्टिंग की है। ट्रेलर देखकर फैंस इसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं और फिल्म के वर्ल्ड टीवी प्रीमियर का इंतजार कर रहे हैं।

---

### कनाडा का फैशन

### लाइफ स्टाइल

कनाडा में महिलाएँ अक्सर विस्तृत मनके के काम से सजी बकस्किन ड्रेस या रंगीन रिबन वाली रिबन शर्ट पहनती हैं। यहां लंबी स्कर्ट, पारंपरिक कपड़े और कठोर कनाडाई जलवायु को सहने के लिए शॉल को पहनावे का मुख्य हिस्सा माना जाता है। इसके अतिरिक्त, मेटिस सैश, कमर के चारों ओर पहनी जाने वाली एक बुनी हुई बेल्ट, स्वदेशी और सेटलरी संस्कृतियों के मेल को दर्शाती हैं।



# वैक्सिंग के बाद रूखे हो जाते हैं हाथ-पैर तो इनका करें इस्तेमाल, मिलेगी ड्राईनेस से राहत

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों की त्वचा में भी कई तरह के बदलाव होने लगते हैं। महिलाएं इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखती हैं, लेकिन फिर भी कुछ न कुछ परेशानी सामने आती रहती है। खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं अपने शरीर से अनचाहे बालों को हटाती हैं। इसके लिए वैसे तो कई तरह की हेयर रिमूवल क्रीम बाजार में मिल जाती है, लेकिन महिलाओं को अनचाहे बाल हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे सही विकल्प लगता है।

वैक्सिंग द्वारा बाल हटाने में काफी दर्द होता है, लेकिन इससे आपकी त्वचा के अनचाहे बाल पूरी तरह से साफ हो जाते हैं। कई बार ये देखा जाता है कि वैक्सिंग के बाद त्वचा काफी रूखी हो जाती है। ऐसे में आप कुछ चीजों का इस्तेमाल करके इस रूखेपन से राहत पा सकते हैं। इस लेख में हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी त्वचा भी मुलायम हो जाएगी।



### घी

त्वचा पर घी लगाने से स्किन की काफी परेशानी कम हो जाती हैं। अगर वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा में जलन हो रही है, और त्वचा रूखी हो गई है, तो भी आप घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको तत्काल राहत मिलेगी।

### एलोवेरा

एलोवेरा में मौजूद तत्व त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे में वैक्सिंग के बाद आप अपनी त्वचा पर एलोवेरा लगा सकते हैं। इससे त्वचा काफी मुलायम हो जाती है।

### गुलाब जल और ग्लिसरीन

इन दोनों चीजों को मिलाकर अगर आप त्वचा पर लगाएंगे, तो आपको स्किन के रूखेपन से राहत मिलेगी। ये त्वचा की कई अन्य परेशानियों को भी कम करने में मदद करता है।

### मलाई

अगर आपके फ्रिज में मलाई रखी है, तो त्वचा को मुलायम बनाने के लिए आप मलाई का इस्तेमाल कर सकती हैं। मलाई के इस्तेमाल से आपकी स्किन बहुत ही ज्यादा सॉफ्ट हो जाती है और आप बार-बार रूखेपन से परेशान नहीं होंगे।

# सिंपल सलवार-सूट लुक को खास बनाने में मदद करेंगे पोंचे के ये डिजाइंस

फैशन



सूट लुक को खास बनाने के लिए डिजाइन और पैटर्न को बॉडी टाइप के अनुसार ही स्टाइल करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड पर नजर डालें।

रोजाना पहनने हो या किसी ओकेजन के लिए कम्फ़र्टेबल लुक को कैरी करना हो। इसके लिए सलवार-कमीज बेस्ट ऑप्शन होता है। आमतौर पर कमीज के डिजाइंस में आपको काफी तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी, लेकिन क्या आप जानती हैं कि स्टाइलिश दिखने के लिए आप सलवार को भी कस्टमाइज कर सकती हैं।

सलवार के लिए आप इसके पोंचो पर काफी तरह के डिजाइन बनवा सकती हैं। तो चलिए देखते हैं सलवार के पोंचें के लिए कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे आपने सलवार-कमीज लुक को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

**पर्ल डिजाइन सलवार :** पर्ल में आपको कई तरह के कलर ऑप्शन भी देखने को मिल जाएंगे। ज्यादातर इस तरह के मोती का इस्तेमाल पेस्टल कलर की सलवार में आप कर सकती हैं। इसके आलावा चाहे तो कट वर्क करके आप फैंसी लुक देने के लिए इस तरह से कई सारे पर्ल मोती को सलवार में लगवा सकती हैं। इसका पैकेट आपको 50 रुपये से भी कम में आसानी से मिल जाएगा।


**गोटा-पट्टी लेस डिजाइन सलवार :** लेस वर्क को काफी तरह से कस्टमाइज करवाकर आप सूट की सलवार में लगवा सकती हैं। ज्यादातर इसका इस्तेमाल प्लेन फैब्रिक को थान से खरीदकर बनवाएं सूट को फैंसी लुक देने के लिए किया जाता है। इसमें आप चाहे तो आपस में मिलती-जुलती लेस का कॉम्बिनेशन बनवाकर पोंचे में लगा सकती हैं। इसमें आपको बारीक वाली किनारी लेस में काफी डिजाइन और कलर मिल जाएंगे।

**चिकनकारी डिजाइन सलवार :** सलवार को क्लासी और फैंसी लुक देना चाहती हैं तो इस तरह से आप कढ़ाई वर्क का सहारा भी ले सकती हैं। कढ़ाई वर्क की बात करें तो गर्मी के मौसम में चिकनकारी कढ़ाई वर्क को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। कमीज के अलावा आप पोंचे में रफल बनवाकर ऊपर चिकनकारी डिजाइन वाली सलवार को चुन सकती हैं।

# कलर्ड हेयर पर भूल से भी नहीं इस्तेमाल करने चाहिए ये इंग्रीडिएंट्स

कलर्ड हेयर आपके लुक को बेहद खास बनाते हैं। हालांकि, अगर आप अपने कलर्ड हेयर पर कुछ चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो इससे कलर फेड हो सकता है या फिर उसे नुकसान हो सकता है।

हम सभी अपने लुक को समय-समय पर बदलना चाहते हैं और इसलिए अक्सर कुछ ना कुछ चेंज करते हैं। ऐसे में बालों को कलर करवाना बेहद ही आम है। बालों के कलर करवाने से आपका ओवर ऑल लुक चेंज हो जाता है। हालांकि, कलर्ड हेयर तभी अच्छे लगते हैं, जब इनकी सही तरह से केयर की जाए। कलर्ड हेयर पर किसी भी तरह के प्रोडक्ट या फिर होम रेमिडीज को अप्लाई करने से पहले अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है।



### सिरका

अक्सर लोग बालों को रिंस करने के लिए या फिर स्कैल्प बिल्डअप को क्लीन करने के लिए सेब के सिरके का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप इसे बार-बार अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करते हैं तो इससे आपके बालों का रंग फीका पड़ सकता है। जिससे आपके बाल बेजान नजर आ सकते हैं।

### बेकिंग सोडा

अगर आपके कलर्ड हेयर हैं तो आपको बेकिंग सोडा का इस्तेमाल भी करने से बचना चाहिए। बेकिंग सोडा बहुत अधिक अल्कलाइन होता है और ऐसे में यह आपके कलर्ड हेयर को नुकसान पहुंचा सकता है। यह बालों का प्राकृतिक तेल और रंग छीन सकता है, जिससे वे अधिक रूखे, कमजोर व बेजान नजर आ सकते हैं।

### नींबू का रस

बालों की क्लीनिंग करने के लिए होम रेमिडीज के रूप में नींबू का रस इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन नींबू का रस एसिडिक होता है और इसलिए समय के साथ बालों का रंग हल्का कर सकता है। इससे आपका तब और भी ज्यादा रंग फीका पड़ सकता है, अगर आप अपने बालों में नींबू का रस लगाने के बाद धूप में अधिक समय बिताते हैं।

# सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग, लोग करेंगे तारीफ

बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिट में एक से अधिक रंग हैं तो सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स-मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें। हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए।



हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्यो हार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना चाहिए। आप चाहें तो सोने की चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं।

**टिप्स-** कांच की चूड़ियों के साथ लाख के कड़े को भी आप सेट कर सकती हैं। अगर आपको मोती वर्क पसंद है तो बाजार से मोती वर्क वाले कड़े खरीद लें और हरे रंग की चूड़ियों के साथ पहनें। आप कुंदन वर्क वाले कड़ों या फिर चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की चूड़ियां पहन सकती हैं।


आजकल बाजार में राजस्थानी स्टाइल के बहुत सारे सुंदर-सुंदर कड़े आपको देखने को मिल जाएंगे। अगर आपको कड़ों के साथ चूड़ियों को पहनना पसंद है, तो आप एक ब्रॉड डिजाइन वाले कड़े के इर्द-गिर्द रंग-बिरंगी चूड़ियों को सेट कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

## आज मेंस फैशन में अहम हिस्सा है परफ्यूम, मौसम के अनुसार करें इस्तेमाल

परफ्यूम हमारी पर्सनैलिटी को एक जबरदस्त बूस्ट देता है। ये आपको कॉन्फिडेंस देता है, कि तन की दुर्गंध पास आने वाले किसी शख्स को तंग नहीं करेगी। परफ्यूम की फ्रेग्रेंस न सिर्फ आपके स्टाइल स्टेटमेंट को दिखाता है, बल्कि आपकी अच्छी ग्रूमिंग की आदतों के बारे में भी संकेत देता है। लेकिन, ज्यादातर लोग परफ्यूम पसंद कैसे करते हैं? कुछ तो टीवी पर ऐड देखकर वो वाला परफ्यूम खरीदते हैं, जिसे लगाने के बाद लड़कियां पीछे भागती हैं। भले ही उसकी फ्रेग्रेंस उन्हें खुद पसंद नहीं आई। आईए, जानते हैं कि गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम कैसे खरीदा जाए।

# गर्मियों के मौसम में मेंस परफ्यूम खरीदते हुए रखें जरूरी बातों का ध्यान, खुशबू होगी आपके बस में



### गर्मियों में कैसे परफ्यूम खरीदें?

गर्मियों के मौसम में बहुत तेज खुशबू वाले या गर्म मिजाज वाले परफ्यूम को लगाने से बचना चाहिए। जैसे, सर्दियों के मौसम के लिए हिना या मेहंदी की खुशबू वाले परफ्यूम बेस्ट हैं। लेकिन इनका इस्तेमाल गर्मियों के मौसम में नहीं करना चाहिए। गर्मियों में हल्की और भीनी खुशबू वाले परफ्यूम का प्रयोग करना चाहिए। इसकी फ्रेग्रेंस मन को शांत करे और रूमानी अहसास भी दे। अगर आप ऐसे परफ्यूम का चुनाव करते हैं, तभी परफ्यूम का पूरा आनंद ले सकेंगे।

### गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम

गर्मियों में बेस्ट मेंस परफ्यूम के लिए हर किसी की अपनी च्वाइस हो सकती है। लेकिन फिर भी हम आपको 3 ऐसे प्रोडक्ट्स के बारे में बता रहे हैं, जो लो बजट में भी प्रीमियम फील पाने में हेल्प कर सकते हैं।

### विलेन हाइड्रा यू डे परफ्यूम फॉर मेन

विलेन हाइड्रा परफ्यूम (यू डे परफ्यूम) गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम में से एक है। इस शानदार परफ्यूम के टॉप नोट्स में लेमन, मिंट, ग्रेपफ्रूट की खुशबू आती है। जबकि मिडिल नोट्स में जैस्मिन, जायफल और व्हाइट फ्लावर का फील आता है। जबकि बेस नोट्स में व्हाइट मस्क, सीडर और चंदन की सुगंध आती है। ये परफ्यूम आपको लंबे समय तक तरोताजा और फ्रेश फील पाने में मदद करेगा।

### विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन

विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स के लिए बेस्ट च्वाइस हो सकता है। इस परफ्यूम को न सिर्फ इंडोर बल्कि आउटडोर के लिए भी बेस्ट माना जाता है। इस परफ्यूम के बेस नोट्स में अंबरवुड, पिचूली, ओकमॉस और खस के नोट्स मिलते हैं।

### कैसे लगाएं परफ्यूम

परफ्यूम की जरुरत हर इंसान को होती है और इसीलिए रोज इसे लगाना भी चाहिए। लेकिन इससे पहले आपको ये जरूर पता होना चाहिए कि परफ्यूम लगाने का सही तरीका क्या है। इस प्रॉब्लम से निपटने में हमारी ये गाइड आपकी मदद करेगी। परफ्यूम लगाना बेहद आसान है। बस सिर्फ बॉडी के सही एरिया का चुनाव करें और स्प्रे करें। पर्सनैलिटी के कई लूप होल्स हो सकते है। लेकिन इनमें सबसे पहला नंबर परफ्यूम का आता है। परफ्यूम के मामले में ही पुरुष सबसे ज्यादा लापरवाही दिखाते हैं। जबकि ये आपकी पर्सनैलिटी का बेहद अहम हिस्सा है। अच्छी क्वालिटी का परफ्यूम कई बार कुछ खास मौकों पर आपकी पर्सनैलिटी को बूस्ट करने में मददगार साबित हो